CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :20°C
न्यूनतम: 08°C

बरेली, शनिवार 31 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 62 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 11 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र', मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण पेज 2



ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे सम्पादकीय



ट्रम्प को ईरान का अल्टीमेटम, हमारे 1000 ड्रोन तैयार पेज 12

# यूपी के मंत्री अब 50 करोड़ तक कर सकेंगे खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब विभागीय मंत्री स्तर पर 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार और पेंशन प्रणाली सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्त मंत्री की

**150 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी**

**आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित हो: सीएम**

मंजूरी मिलेगी, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी। इससे विकास परियोजनाओं को समय पर मंजूरी मिल सकेगी और कार्यों की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को -**शेष पृष्ठ दो पर**



## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसम्बर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट दिखी है। खासकर चांदी तो एक ही दिन में करीब 66 हजार रुपये सस्ती हो गई, जो अब तक का इतिहास है। सोना भी 1100 रुपये टूटा, इतिहास की बड़ी गिरावट दिख रही है।

सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतें शुक्रवार को अचानक जमीन पर लैंड कर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को चांदी का वायदा भाव करीब 66 हजार रुपये सस्ता हो गया। एक

**■ चांदी 66000 व सोना भी 11000 रुपये टूटा**

समय 4 लाख के पार जाती दिख रही चांदी की कीमत अचानक 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत भी करीब 7 फीसदी टूटकर 1.58 लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है। एमसीएक्स पर एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह से ही सोने और चांदी की कीमत पर दबाव दिख रहा था।

# स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्कूलों में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग टॉयलेट हों

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी**

**■ दिव्यांगों के अनुकूल डिसेबल फ्रेंडली टॉयलेट बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: शीर्ष अदालत**

**■ सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से चल रही थी सुनवाई**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनेटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती, तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार थे 275 यात्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई।

इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में

**■ सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई**

परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर -**शेष पृष्ठ दो पर**




## भारत व बांग्लादेश ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका।** भारत और बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं।

# कश्मीर के सोनमर्ग में पारा -11.2 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण भीषण सर्दी पड़ रही है। अधिकांश जगहों पर गुरुवार रात में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री से नीचे चला गया।

सोनमर्ग सबसे ठंडी जगह रही। यहां पारा माइनस 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुलमर्ग में -9 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में -3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। एमपी के ग्वालियर में भिंड रोड हाईवे पर कोहरे के कारण एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष थे। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में ठंड जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद थी और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा होंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

मुंबई/पुणे, वार्ता

**अजित पवार** की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के विधायक दल की बैठक शनिवार को (आज) होगी।

सुनेत्रा के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के अनुसार सीएम फडनवीस ने इस पर सहमति जताई है। अगर शनिवार को कोई फैसला होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह कल ही होगा। अजित की प्लेन



**■ सीएम फडनवीस ने जताई सहमति, एनसीपी नेता फडनवीस से मिले**

क्रैश में मौत के बाद उप मुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। यह पद पत्नी को दिए जाने, एनसीपी के दोनों गुट के विलय और विभागों के बंटवारे को लेकर अटकलें जारी हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडनवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। महाराष्ट्र सरकार में अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। एनसीपी नेताओं में इस बात पर चर्चा चल रही है कि ये विभाग और पार्टी की नेशनल लीडरशिप किसे दी जाए। यह दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। अजित की 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति उनकी अनन्य करुणा न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए सदैव प्रेरणाोत बनी रहेगी। महात्मा गांधी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आज भी उनके सिद्धांत समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण व विक. सित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुलिस को जिंदा जलाने की थी साजिश

**बरेली( ब्यूरो )।** कानपुर के आई लव मोहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में उपद्रव कराया था। उसके कहने पर आई भीड़ ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस का वायरलेस, एंटी राइट गन आदि को भी लूटकर दंगाई फरार हो गए थे। इसके अलावा पुलिस पर पेट्रोल बम के साथ-साथ एसिड की बोतलें भी फेंकी गई। इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए बताया कि पुलिस को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। फारेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। श्यामगंज में हुए बवाल के दौरान फेंकी गई बोतलों को जब लैब भेजा गया, तो उसमें एसिड पाया गया। पुलिस इस रिपोर्ट को अपनी विवेचना में शामिल करेगी।

# नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र' मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोयडा में एक इंजीनियर की गड्ढे में डूबने से हुई मौत के बाद राज्य आपदा प्रबन्धन पर बड़े सवाल खड़े हुए थे। इस बीच अब सरकार ने इसको लेकर बड़ा कदम उठाया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने और त्वरित राहत सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम कर्मियों को 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की क्षमता मजबूत हो सके। प्रदेश के राहत आयुक्त ऋषिकेश भास्कर ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के कुशल संच. ालन में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी किसी भी आपातकाल या आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएंगे और शहरी समुदाय को आपदा प्रबंधन के प्रति सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा 17 नगर निगमों के कुल 1,700 कर्मियों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक नगर निगम से 100-100 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सरसों-आलू की फसल पर आफत
- किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं: कृषि विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छिटपुट वर्षा और ओलावृष्टि ने ठंड में इजाफा किया है, जबकि बेमौसम वर्षा से सरसों और आलू किसानों की चिता बढ़ा दी ह। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि असमय बारिश का सिल. सिला जारी रहा, तो नुकसान और बढ़ सकता है तथा लागत निक. ालना कठिन हो जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने किसी बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। मौसम विभाग के अनुसार संभल जिले में सर्वाधिक 32.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी लखनऊ में इस दौरान 6.9 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान गिरकर 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है, जिनमें बरेली शामिल है। दोनों मौसमीय उपखंडों में तेज़ हवाएं चलीं। आगरा में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा भी देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 23 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, हालांकि कुछ स्थानों पर घना को. हरा पड़ने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में हरदोई का दिन सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 26. 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रयागराज में रात का तापमान सबसे अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर असमय हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरसों, आलू और मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

## गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हुई बारिश

रिपोर्टों के अनुसार मंगलवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश ने फूल अवस्था में खड़ी सरसों की फसल को प्रभावित किया है, जिससे दानों के सही विकास पर असर पड़ने और उत्पादन घटने की आशंका है। अधिक नमी के कारण आलू और मटर की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय मिली नमी से गेहूं की बढ़वार और उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक आकलन में फसलों को किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये बारिश व्यापक जरूर रही, लेकिन इतनी तेज नहीं थी कि फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचा सके। बल्कि यह गेहूं की फसल के लिए अमृत समान है, जिसे इस समय नमी की आवश्यकता होती है। जिसके कारण गेहूं के फसल के लिए फायदेमंद है।

## शहीद दिवस पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

# सरकार की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे

नई दिल्ली, वार्ता



- पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया 28 फरवरी तक चलेगा संग्राम

कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय से बापू के शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग तक मार्च करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) बचाओ संग्राम के तहत मार्च निकाला जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा ग्रामीण भारत की आत्मा में बसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लाख को. शिशों के बाद भी उसे मिटा नहीं सकती। पार्टी का कहना है कि उसके कार्यकर्ता इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा के समर्थन में हाथों तख्तियां और मनरेगा बचाओ संग्राम लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए 'मनरेगा चोर-गद्दी छोड़, मनरेगा गर जाएगा बाजार सुस्त हो जाएगा, हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अजय माकन, जयराम रमेश, राजीव गौड़ा, पवन खेड़ा, उदित राज, देवेंद्र यादव, कर्नल रोहित चौधरी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बाद में पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस हाल ही में बनाए गए नए वीबी जीराम जी अधिनियम को समाप्त कर मनरेगा की बहाली की मांग कर रही है और इसके लिए देशव्यापी विरोध के तहत उसने मनरेगा बचाओ संग्राम शुरु किया है। कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरु हुआ और 28 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ष्यह दिल्ली में मनरेगा बचाओ संग्राम की झलक है। मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया। मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था, जो सितम्बर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इस अधिनियम को बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया। लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांधी जी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई देश के आम गरीब नागरिकों के रोजगार और हक की लड़ाई है, जिसे कांग्रेस पूरे देश में लड़ रही है।

### नाइंसाफ़ी भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि बुलडोज़र अब विकास नहीं, बल्कि नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 'भेदकारी भाजपा' के पास कोई ऐसा बुलडोज़र भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उनके मान-सम्मान की छत दोबारा खड़ी कर दे। यादव न शुक्रवार को एक्स पर लिखा सत्ताधीश अपने ऊपर लगे मुकदमे तो हटवा सकते हैं, लेकिन जो अन्याय और पाप किए गए हैं, उनका हिसाब ऊपर वाले की अदालत में लिखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इतना अन्याय करके कोई चैन की नींद कैसे सो सकता है।

# गोमाता को 40 दिनों में राज्यमाता का दर्जा दें योगी

वाराणसी, वार्ता

- शंकराचार्य ने सीएम से मांगा हिंदू होने का प्रमाण पत्र

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में गोमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष रूप से उस योगी को तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि हमसे आपने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता। अब समय आपके 'हिंदू' होने का प्रमाण देने का है। सनातनी समाज अब आपसे आपके हिंदू होने का साक्ष्य मांगता है। हिदू होना केवल भाषणों या भगवा वस्त्र तक सीमित नहीं है,इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है। शंक. राचार्य ने दो स्पष्ट शर्तें रखीं: गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दिया जाए, जैसा महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में देशी गायों के लिए किया है और नेपाल में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी, यदि 40 दिनों में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10-11 मार्च को लखनऊ की पावन धरा पर संपूर्ण संत समाज का समागम होगा। उसमें सरकार को 'नकली हिंदू' और 'छद्म हिंदू' घोषित किया जाएगा।



सेंसेक्स 82269.78
निफ्टी 25365.65



सोना रु. 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 334000
प्रति किलो



# तेजी के बाद गिरावट में बंद हुए बाजार

मुंबई, वार्ता

एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36' गिरकर 82,269.78 अंक पर रहा। सुबह 619 अंक नीचे खुलने के बाद सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी धातु सूचकांक में 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही। आईटी, वित्तीय सेवाओं और निजी बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, रियलटी, ऑटो, मीडिया,



स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में भी मजबूती रही। सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर साढ़े चार प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत की गिरावट में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इटरनल, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.053 अरब डॉलर की बड़ी वृद्धि के साथ 709. 413 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। पिछले सप्ताह यह 14.167 अरब डॉलर बढ़ा था। इस तरह दो सप्ताह में ही इसमें 22. 22 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितम्बर 2024 को 704.885 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार में 5.635 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 123.088 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार तेजी से स्वर्ण भंडार बढ़ रहा है।

# कानपुर में बसाए जाएंगे बांग्लादेशी हिंदू, मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट ने मेरठ के 99 बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को कानपुर में पुनर्वासित करने की मंजूरी दे दी है। ये परिवार 40-50 सालों से मेरठ में रह रहे हैं और अब कानपुर में बसने के लिए एक एकड़ जमीन व रोजगार की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है, जिससे उनके भविष्य की नई राह खुलेगी। इस संबंध में विधायक और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन बंगाली परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मेरठ में मवाना के नगला गोसाई में 40-50 सालों से रह रहे इन बंगाली हिंदू परिवार के लोगों ने अपने पुर्नवास के लिए सरकार से कानपुर में एकड़ जमीन की मांग की थी। इसके साथ ही अपने गुजारे के लिए रोजगार की भी मांग की थी। सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए इस संबंध में उचित प्रबंधन करने का आश्वासन दिया है। इन बंगाली परिवार के लोगों ने बताया कि उनका बचपन मेरठ के पास हस्तिनापुर में बीता है। वहीं पर वह 40 से 50 सालों से रहते आ रहे हैं। इन बांग्लादेशी हिंदू परिवारों ने सीएम योगी से हस्तिनापुर में ही रहने देने की गुहार की थी। अपनी बसावट के लिए इन परिवारों ने एक एकड़ जमीन की मांग की थी, चूंकि सरकार ने इनका पुर्नवास कानपुर में करने का फरमान सुनाया था।

# केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसम्बर तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्र सरकार का रोजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसम्बर 2025 तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर रहा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 25,25,156 करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72-2 प्रतिशत है।

इस दौरान कुल व्यय 33,80,998 करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 8,5,842 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह बजट अनुमान का 54.55 प्रतिशत है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था। कुल प्राप्तियों में 19,39,254 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,39,855 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 46,047 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 10,38,164 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 1,37,014 करोड़ रुपये अधिक है। कुल व्यय में 25,93,063 करोड़ रुपये राजस्व मद पर और 7,87,935 करोड़ रुपये पूंजी मद पर खर्च किए गए हैं। कुल राजस्व व्यय में 9,11,059 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के मद में और 3,17,490 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडियों के मद में खर्च हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी के मंत्री....** सुदृढ़, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सभी विभागों को समयबद्धता, गुणवत्ता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रांश की प्रतीक्षा किए बिना राज्य सरकार अपने स्तर से मानदेय जारी करे, ताकि किसी भी कर्मी को आर्थिक कठिनाई न हो। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सर्वाधिक है। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य के राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण- जीएसडीपी अनुपात एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे हैं। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष की भुगतान-आधारित अनुरक्षण व्यवस्था अनिवार्य की जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क, भवन, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और अन्य सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व वृद्धि में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाना है।

**लखनऊ में...** करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। 15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

# विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने 'दोहरा सर्वे मॉडल' अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी। रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा। युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिये जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के ज़रिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है। पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के सर्वे के विभिन्न मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। मणिकर्णिका घाट पर हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर उठे विवाद, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद का सरकार का विरोध और हालिया यूजीसी विवाद को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ़ समान्य वर्ग में पैदा हुए असंतोष की वजह से होने वाले संभावित नुक़सान का आकलन भी किया जाएगा।

### मंत्री के काफिले को विधायक ने रास्ते में रोका, बवाल

**महोबा।** जिले के कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा रहा है, बीजेपी विधायक इस मुद्दों को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे, तो बवाल मचा गया। नाराज विधायक और मंत्री में तीखी नोकझोंक हुई और दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। महोबा जिले में पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर बीजेपी विधायक गुड्डू राजपूत लंबे समय से नाराज थे। शुक्रवार को यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक के समर्थकों और मंत्री के समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई और जमकर नारेबाजी की गई, मंत्री और विधायक में भी नोकझोंक हुई। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत (गुड्डू राजपूत) ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंत्री के सामने मुखर हुए। दोनों में काफी देर तक बहस हुई।

# ई रिक्शाओं पर लाइसेंस शुल्क को मिली मंजूरी

## ओमकार मार्ग नामकरण पर बनी सहमति, पालिका बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका सभागार में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में पालिका बोर्ड की 14वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगस्त से दिसंबर माह तक के आयख्रव्यय का विस्तृत ब्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर चर्चा के बाद सहमति जताई गई। बैठक में नगर के विकास, सौंदर्यकरण और व्यवस्था सुधार से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बैठक के दौरान सभासदों ने नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक का मुद्दा उठाते हुए बंदर पकड़वाने की मांग की। वहीं सभासद प्रशांक त्यागी ने गोलघर चौराहे पर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने शहर के वरिष्ठ समाजसेवी



स्वर्गीय लाला ओमकार अग्रवाल के सम्मान में उनकी गली का नाम ओमकार मार्ग रखने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। बैठक में नगर में संचालित ई-रिक्शाओं पर लाइसेंस शुल्क लागू करने और उनके संचालन के लिए क्षेत्र निर्धारण किए जाने का प्रस्ताव भी पास किया गया। इसके साथ ही दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर यूजर टैक्स लगाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।सभासदों ने अपने मानदेय में वृद्धि की मांग भी रखी, जिस पर चेयरमैन ने प्रस्ताव शासन को भेजने का आश्वासन दिया। नगर में लगी तिरंगा लाइटों के बंद पड़े होने का मुद्दा उठाते हुए उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की गई। साथ ही मुस्लिम महापुरुषों के नाम पर गेट बनाए जाने, नगर पालिका के पीछे स्थित खाली मैदान की साफ-सफाई कराने और शहर में सेल्फी पॉइंट विकसित करने की मांग भी सामने आई। चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि शहर के होली चौराहा, अहिल्या स्तंभ और गोलघर पर फव्वारे लगाए जाएंगे। उन्होंने स्टेशन रोड पर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से गेट बनाए जाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजे जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए नगर में और ई-रिक्शा लगाए जाएंगे और नागरिक केवल कूड़ा गाड़ी में ही कूड़ा डालें। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को नियमानुसार शीघ्र अमल में लाया जाएगा और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार सहित सभासद दुलीचंद गिहार, प्रशांक त्यागी, राजू बादशाह, अशोक घरोटिया, जगत सैनी, गौरव धारीवाल, राजीव दीक्षित, नूतन रानी, मंजीत कौर, सरस्वती गोयल, आलम शेख, नौशाद मंसूरी, सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ तस्करों को चार-चार साल की सजा

## अदालत ने साढ़े 23 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मादक पदार्थ के दो तस्करों को अदालत ने चार-चार साल व 23 हजार 500 रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला रजबपुर थाने से जुड़ा था। 8 सितंबर 2010 पुलिस टीम की मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह से मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। मुठभेड़ के दौरान पुरुष ने मथुरा जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव विशंभर के रहने वाले अमीन और हरियाणा राज्य के नूहू जिले में मेवात के गांव टूंडलाका के रहने वाले अरशद को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चरस और अवैध तमंचा व चाकू बरामद किया था। मामले में पुलिस ने जानलेवा हमला, अवैध शस्त्र, अधिनियम मादक पदार्थ की तस्करी के अलग-अलग पांच मुकदमे दर्ज किए थे। बाद में पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, दोनों जमानत पर थे। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन थी। गुरुवार को कोर्ट ने इन मुकदमों में आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अमीन और अरशद को दोषी करार दिया। दोनों को चार-चार साल जेल की सजा सुनाई तथा 23,500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# नए यूजीसी कानून के निरस्तीकरण की मांग

## स्वर्ण समाज ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को स्वर्ण समाज एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को सौंपते हुए नए यूजीसी कानून को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने शिक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों को लेकर गहरी चिंता जताई।

इस अवसर पर सर्वेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि नया यूजीसी कानून शिक्षा व्यवस्था के अत्यधिक केंद्रीयकरण को बढ़ावा देगा, जिससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह कानून उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है, जो कानून की संवैधानिक और



व्यावहारिक खामियों की ओर इशारा करता है। ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें नए यूजीसी कानून को पूर्ण रूप से निरस्त करना, यूजीसी को समाप्त या पुनर्गठित करने की प्रक्रिया पर स्थायी रोक लगाना, तथा शिक्षा से जुड़े किसी भी बड़े बदलाव से पहले शिक्षाविदों, छात्रों और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सर्वदलीय चर्चा कराना शामिल है। स्वर्ण समाज के वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का अधिकार और अवसर सभी वर्गों के लिए समान और निष्पक्ष होना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि नए कानून के कुछ प्रावधान सामाजिक संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यायपालिका के निर्देशों और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेंगे। इस दौरान गितेश शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, अभि त्यागी, अर्पित शर्मा, प्रशांत त्यागी, देवाशीष शर्मा, गौस रामा, आदित्य भारद्वाज, अतुल त्यागी (मलकपुर), आशीष शर्मा और शनि शर्मा सहित स्वर्ण समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

■ अश्लील वीडियो बनाकर दी वायरल करने की धमकी

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दूर के एक रिश्तेदार युवक ने युवती ने दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और दुष्कर्म किया। इसके कुछ दिन बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती के साथ फिर से दूसरे स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। युवती ने स्वजनों को पूरी घटना के बारे में बताया तो वे एसपी से मिले। एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना डिडौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का एक दूर का रिश्तेदार युवक फोन पर बात कर लेता था। आरोप है कि 23.03.2025 को युवक ने युवती को गजरौला में मिलने बुलाया और स्टेशन के पास स्थित एक गैस्ट हाउस में ले गया। यहां पर दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने युवती की अश्लील वीडियो आदि भी बना ली, जिसके बाद वह युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को दूसरे स्थान पर मिलने को बुलाया और वहां पर भी दुष्कर्म किया। वह बार बार युवती को फोन करके बुलाता रहता। युवती ने यह बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद युवती ने गजरौला व डिडौली कोतवाली में भी तहरीर दी, आरोप है कि पुलिस ने सुनवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर घटना की शिकायत की। शुक्रवार को एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने आरोपित दीपक कुमार उर्फ गुडडू के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैंक बाउंस मामले में बैंक मैनेजर पर मुकदमा

## तीन लाख रूपये उधार लेकर दियाथा चैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जोया रोड स्थित लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी के संच. ालक कारोबारी गिरीश बंसल से तीन लाख रुपये उधार लेकर वापस न करने के मामले में पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक सोनू कुमार के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया गया है।

एफआईआर के अनुसार हापुड़ जिले के मोदीनगर रोड स्थित आदर्श नगर कॉलोनी निवासी सोनू कुमार की गिरीश बंसल से अच्छी जान-पहचान थी। दिसंबर 2024 में सोनू कुमार ने दो दिन में लौटाने का वादा कर गिरीश बंसल से तीन लाख रुपये उधार लिए थे, जो चेक के माध्यम से दिए गए। तय समय बीतने के बावजूद रकम वापस नहीं की गई। लगातार तकादा करने पर चार मार्च 2025 को सोनू कुमार ने एक चेक दिया, लेकिन खाते में धनराशि न होने के कारण वह बाउंस हो गया। इसके बाद सोनू कुमार ने 1.40 लाख रुपये गिरीश बंसल के खाते में ट्रांसफर किए, जबकि शेष 1.60 लाख रुपये के लिए

■ **एलएसए के प्रबंधक गिरीश बंसल से जुड़ा है मामला**

21 जून 2025 को दिया गया चेक भी बाउंस हो गया। आरोप है कि इसके बाद सोनू कुमार ने फोन उठाना बंद कर दिया और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पीड़ित गिरीश बंसल ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी।सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक सोनू कुमार के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# सृष्टि ने सीएसआईआर से प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** केन्द्र सरकार के विज्ञान एवं तकनीकि मंत्रालय द्वारा संचालित सीएसआईआर की आईजीआईबी लैब से 'न्यूक्लियर एन्कोडेड माइटोकान्ड्रियल जीन्स में वेरिएन्टस का फन्कशनल असेसेटमेन्ट' नामक विषय पर नगर निवासी छात्रा सृष्टि ज्योति अग्रवाल ने पीएचडी की उपाधि पूर्ण की है। इस उपलब्धि से स्वजनों में उल्लास का वातावरण है। नगर के रेलवे स्टेशन मालगोदाम रोड पर स्थित सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक संदीप कुमार अग्रवाल की पुत्री सृष्टि ने बताया कि उनके शोध में जीन्स पर प्रभाव: शरीर की उर्जा उत्पादन पर प्रभाव, डीएनए का मेन्टीनेशन प्रभाव, प्रोटीन के ट्रान्सलेशन की दशा प्रभाव, वेरिएन्ट वास्तव में क्या बीमारी पैदा करता है या नहीं करता है, ये सभी बिंदू सम्मिलित रहे। इस



■ **पिता की बीमारी के आधार पर पता लगेगी बच्चों को होने वाली बीमारी की संभावना**

अध्ययन का निष्कर्ष रहा कि हम पिता की बीमारी के आधार पर आगे बच्चों में होने वाली बीमारी का पता लगाया जा सकेगा। सृष्टि ने यह शोध कार्य मुख्य मार्गदर्शक विज्ञान डॉ. विवेक टी.नटराजन एवं डॉ. श्रीधर सिवासुबु के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। सृष्टि की इस उपलब्धि से उनके परिवार में उल्लास का वातावरण है।

# कुंडल लूट में दो बदमाश व खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पुत्री के साथ स्कूटी पर सवार होकर जा रही महिला के बांए कान का कुंडल लूटने की घटना में शामिल दो बदमाशों और सामान खरीदने वाले सुनार को

■ **घटना में प्रयुक्त की गई बाइक व लूटा गया कुंडल बरामद**

पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया।

जाानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव देहरा घनश्याम निवासी कोमल सिंह की पत्नी लितेश 26 जनवरी को अपनी बेटी ज्योति के साथ स्कूटी से गजरौला सामान लेने आई थीं। गजरौला में ब्लाक



कार्यालय के पास पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने तिलेश के कान से कुंडल लूट लिया था। विरोध में महिला ने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जमा हो गई लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से घटना की जानकारी की थी। आसपास दुक. ानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली थी। पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कुंडल छिनैती की घटना का खुलासा किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी साहिल पुत्र इसरार, अदनान पुत्र निजाम निवासी ग्राम सिहाली जागीर थाना हसनपुर व हसनपुर के मोहल्ला लालबाग निवासी यूनुस पुत्र अय्यूब हैं। साहिल व अदनान ने वारदात को अंजाम दिया था। जबकि यूनुस ने कुंडल खरीदा था। घटना में प्रयोग की गई बाइक और छीना गया कुंडल बरामद किया गया है। तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालान किया गया है।

# गाली गलौच के विरोध पर युवक पर हमला, मां-बेटे घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देहात थाना क्षेत्र के गांव चक धनौरी में मामूली विरोध ने हिंसक रूप ले लिया। घर के बाहर गाली-गलौज से मना करने पर दबंगों ने युवक और उसकी मां के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देहात थाना क्षेत्र के गांव चक धनौरी में राशिद का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 29 जनवरी को वह अपने घर पर थे। तभी गांव का ही रहने वाला अजहरुद्दीन, नवीन, फाजिल और मुनाजिर घर के बाहर खड़े होकर गालियां देने लगे। राशिद के बेटे फरदीन ने जब विरोध किया तो चारों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बेटे को बचाने गई राशिद की पत्नी साजिया खातून के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में अजहरुद्दीन, नवीन, फाजिल व मुनाजिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** आगामी त्यौहारों को पुलिस कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें किसी भी तरह की कोई नई पम्परा न डालने की अपील की गयी। शुक्रवार को कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से महा. शिवरात्रि, शब-ए-बारात एवं संत रविदास जयंती के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डिडौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह एवं अपराध निरीक्षक सतीश कुमार यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं ने भाग लिया। बैठक में ग्राम प्रधान महिपाल सिंह, जियाउल हक, अब्दुल खालिद, मोहम्मद सलमान, बसीम, अशरफ अली मंस. ूरी, किशोर कुमार, मुखराम, मुबारिक, अनीस अहमद, छोटू, विजयपाल सिंह, सतवीर सिंह, कुलदीप चौहान, आस महोम्मद, विपिन पाल आदि मौजू दरहे।

### साइबर ठगों ने 5300 रूपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** साइबर लुटेरों ने पेंसिल कंपनी में टेंडर दिलाने का झांसा देकर 5300 की ठगी कर ली। साइबर क्राइम पुलिस को ठगो के खिलाफ तहरीर दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी विजेंद्र पुत्र जगीर सोशल मीडिया अकाउंट पर पेंसिल की नटराज नामक कंपनी का टेंडर दिये जाने की पोस्ट देखी थी। उसने पेंसिल कंपनी का टेंडर लेने के लिए अप्लाई कर दिया। उसके बाद बिजेंद्र की दिये गये नंबर पर बात होने लगी। गुरुवार को विजेंद्र को बताया गया कि पेंसिल का टेंडर उसके नाम हो गया है। अकाउंट में 5300 डाल दो। पेंसिल लेकर गाड़ी उसके पते पर पहुंच जायेगी। उसके बाद 7000 की विजेंद्र से और डिमांड की जाने लगी। विजेंद्र को शक हुआ तो उसने पैसे नहीं डाले तथा कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरा वाक्या बताया। नटराज नामक पेंसिल कंपनी का पोस्ट अक्सर सोशल मीडिया पर डाला जाता है। अब तक हसनपुर क्षेत्र में पेंसिल कंपनी की आड़ में टेंडर दिये जाने लालच देकर लोगों से ठगी की जा चुकी है। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर दे दी है।


### सीसीटीवी कैमरों से नजर रखेगी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अपराध पर अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना मण्डी धनौरा क्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत कुल 100 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना कर क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर थाना अध्यक्ष बालेंद्र कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखना तथा किसी भी आपराधिक घटना को घटित होने से पहले ही नियंत्रित करना है।

परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर, चिकित्सा के क्षेत्र में जोया के बढ़ते कदम

# जोया क्षेत्र के आठ छात्रों ने उत्तीर्ण की एफएमजीई परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जोया क्षेत्र लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में नए झंडे गाड़ रहा है। अब तक सैकड़ों एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि सैकड़ो छात्र देश विदेश में एमबीबीएस, बीयूएमएस, बीएएमएस की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। दो रेडियोलोजिस्ट की डिग्री हासिल कर अपनी सेवाएं लोगों को मुहैया करा रहे हैं। जबकि बीते दिन घोषित रिजल्ट में क्षेत्र के पांच छात्रों व तीन छात्राओं ने एमसीआई द्वारा प्रयोजित एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिससे उनके परिजनों में खुशी का माहौल है।

बताते चलें कि बीते दिन एफएमजीई का परीक्षाफल घोषित किया गया था। गांव पलौला के डा. फुरकान पाशा के बेटे डा. फरमान ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने गजरौला के एचसीएम इंटर कालेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। गांव कालाखेड़ा निवासी डा. हाशिम पुत्र राबिक हुसैन ने भी एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण की है जबकि उन्होंने एमएमयू से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। गांव टिकिया निवासी आरिफ हुसैन के बेटे मौहम्मद फाहद ने भी यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होने एलएसए से इंटर उत्तीर्ण किया था। गांव कालाखेड़ा निवासी बाबू हसन के बेटे मौहम्मद अलीम ने भी एफएमजीई का टेस्ट उत्तीर्ण किया है। उन्होंने देहली आईडियल पब्लिक स्कूल शहबाजपुर से इंटर तक की पढ़ाई की थी। गांव शहबाजपुर के फिरोज आलम की बेटी सारिया ने भी पहले ही प्रयास में यह टेस्ट निकाल लिया। उन्होने इंटर देहली आईडियल पब्लिक स्कूल से उत्तीर्ण किया था। नगर के मोहल्ला इकबालनगर के रिजवान के बेटे डा. रफाइश ने भी यह टेस्ट उत्तीर्ण किया है। उन्होने एलएसए से इंटर किया था। इसके अलावा गांव मकसूदपुर के रहने वाले मोहम्मद जीशान की बेटी जकिया रानी ने भी यह टेस्ट उत्तीर्ण किया है। उन्होने जीजी स्कूल ब्रहमपुरी दिल्ली से इंटरमीडिएट किया था। मेडिकल छात्र-छात्राओं द्वारा एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण करने से परिजनों में खुशी का माहौल है जबकि रिश्तेदार उन्हें बधाई देने में लगे हैं। देहली आईडियल पब्लिक स्कूल के कई बच्चों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रौशन किया है। प्रबंधक डा. मौहम्मद अली अपने स्कूल की उपलब्धि से गदगद हैं। मेडिकल के क्षेत्र में जोया क्षेत्र लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इस ब्लाक के सैकड़ो छात्र अब तक एमबीबीएस, रेडियोलोजिस्ट, बीएएमएस, बीयूएमएस की परीक्षा पूरी कर चुके हैं जबकि सैकड़ो छात्र छात्राएं देश ही नहीं बल्कि विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। आने वाले कुछ सालों में जोया क्षेत्र मेडिकल के छात्रों का हब बनने जा रहा है।

# स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

## कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया गया। पूरे परिसर में शांति और सम्मान का वातावरण बना रहा। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने शहीदों के बलिदान को देश के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को इन शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अधिकारियों ने सभी से शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम, प्रशासनिक अधिकारी उपेंद्रनाथ त्रिवेदी, शैलेन्द्र शर्मा, अनुज सिंघल सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठेकेदार व चालक की मौत के मामले में पत्नी सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**28 मई को कार्यालय परिसर में मिले थे दोनों के शव, मुंह से निकल रहे थे झाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सिंचाई विभाग के ठेकेदार व उनके चालक की संदिग्धावस्था में हुई मौत के मामले में ठेकेदार के पिता के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने ठेकेदार की पत्नी समेत पांच आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार मुहल्ला शुक्लपुरी निवासी दीपक उर्फ देवत्रिृ गौतम (42) पुत्र अतरपाल सिंह सिंचाई विभाग में ठेकेदार करते थे। उनका अवंतिक. ।नगर मोहल्ले में दूसरा मकान है। उसमें दीपक ने कार्यालय बना रखा है। चौबारा गांव निवासी इंद्रपाल (40) पुत्र जबर सिंह दीपक की कार का चालक था। दोनों 28 मई 2025 की दोपहर कार से अपने कार्यालय पर पहुंचे। बताते हैं कि वह काफी देरतक कार में बैठे रहे। इसके बाद दीपक कार से उतरकर अपने मकान में चला गया था। परिवार वालों की रात दीपक से बात हुई तो उसने अपने कार्यालय वाले मकान में सोने की बात कही थी। 29 मई की सुबह दीपक की पत्नी रेखा ने फोन किया था। दीपक का फोन रिसीव नहीं होने पर रेखा ने अपने भांजे को देखने के लिए कार्यालय पर भेजा था। भांजे के अनुसार कार स्टार्ट थी। कार की सीट पर इंद्रपाल का शव पड़ा था। वह घर के अंदर गया तो दीपक का शव पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर दीपक के परिवार वाले वहां पहुंचे थे। उन्होंने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। वहीं देवऋषि के पिता अतरपाल सिंह ने देवऋषि की पत्नी व उसके रिश्तेदारों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में कोर्ट के आदेश पर सम्भल के सरायतरीन के मोहल्ला साजीपुरा निवासी रेखा, शशि सुल्तानगर मोहल्ला निवासी विशाल, बुलंदशहर के औरंगाबाद निवासी प्रियंका व विशाल के चाचा के खिलाफ संबधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है, छानबीन करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आजाद समाज पार्टी ने ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग

# अतिक्रमण नहीं हटा तो करेंगे धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी ने सड़क पर फैल अतिक्रमण के खिलाफ हुंकार भरी है। अधिकारियों को ज्ञापन देकर अभियान न चलाने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी प्रदेश कौर कमेटी के सदस्य देवेंद्र बैंसला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय सीओ पंकज कुमार त्यागी अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन सौंप दिया। कोर कमेटी के सदस्य देवेंद्र बैंसला ने बताया संभल रहरा बाईपास मार्ग पर रहरा अड्डे से अमरोहा अड्डे तक सड़क के दोनों और अतिक्रमण फैला हुआ है। जिससे आये दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। उन्होंने बताया कि जब अतिक्रमण फैलाने वालों से शिकायत की जाती है तो वह मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि जल्द सड़कों पर फैले हुए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र बैंसला, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मिंटू सिंह, बंटी नाथ, अरविंद, केतन भाटी आदि मौजूद थे।

# सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की शपथ

## कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम के विशेष संदेश को पढ़कर सुनाया गया और स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की सामूहिक शपथ ली।भेदभाव मिटाने और गरिमा सुनिश्चित करने पर जोर कार्यक्रम में जिलाधिकारी का संदेश साझा किया गया। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग का उपचार संभव है। और इसे पहचानना बेहद आसान है। संदेश के माध्यम से जिला प्रशासन ने संकल्प दोहराया कि जनपद में कुष्ठ रोगियों की जल्द से जल्द पहचान करने के लिए हर संभव संसाधन का उपयोग किया जाएगा। शपथ के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि समाज में कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के प्रति होने वाले भेदभाव को जड़ से खत्म करना है। कर्मचारियों ने 'भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें' के संकल्प के साथ प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में लाने का वचन लिया। इस मौके पर डॉ मनदीप, डॉ सोनम, डॉ अनामिका, डॉ कुलदीप शर्मा, डॉ सीमा, डॉ परवेज, डॉ शिरीन परवीन, बीपीएम अभिषेक वर्मा, अमित कुमार, संदीप कुमार, शैली यादव, मुस्कान, सोनिका, दीपा यादव, ममतेश आदि मौजूद रहें।

# मनरेगा के समर्थन में कांग्रेस का सत्यग्रह

## शहादत दिवस पर महात्मा गांधी को किया नमन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कांग्रेसियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया व रामधुन गाकर एकता-भाईचारे का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में गांधी के सत्य व अहिंसा के विचारों का अनुसरण करते हुए जनपद के सभी छह ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में "मनरेगा बचाओ सत्याग्रह" आयोजित किए गए। सत्याग्रह के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारियों को सौंपकर मनरेगा को तत्काल बहाल करने व मजदूर विरोधी नए कानून को समाप्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया ने कहा कि गांधी एक विचार हैं जिन्हें मिटाया नहीं जा सकता, मनरेगा गरीब मजदूर की जीवनरेखा है और सरकार द्वारा इसे कमजोर करना जनविरोधी है। कार्यक्रम में चौधरी सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, शाहिद सिद्दीकी, मयंक कुमार गुर्जर, योगेंद्र कटारिया, राजकुमार अरुण, इंतजार मेहंदी, अनवर हुसैन, सचिन चौहान, जीशान अली, मेराजुल जफर, मोहसिन अली आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा लगवाई जाए

### अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ एवं राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत ने महर्षि भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा नगर के नजदीक लगवाये जाने की मांग की है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज वाल्मीकि सफाई कर्मचारियों के सम्मान के लिए महर्षि भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा नगर के पास लगाई जाये। जिससे उनके समाज का मान सम्मान बढ़ेगा उन्होंने कहा कि काफी समय तक ठंडी वो गर्म वर्दी का वितरण नहीं किया गया है। मानक के हिसाब से कर्मचारी अपने पदों से सेवानिवृत हो रहे हैं। संविदा सफाई कर्मचारियो की भी अपने सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाती चुकी है। शहर की आबादी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी इन मांगों पर विचार कर उनका पूरा किया जाये। ज्ञापन देने वालों में वाल्मीकि समाज के अनेकों लोग मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंजाब के राज्यपाल ने किया ओपीएस के सचिव को सम्मानित




**शिक्षा के क्षेत्र में किया है उल्लेखनीय योगदान**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के हसनपुर रोड स्थित ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल के सचिव एडवोकेट डॉ. पराग पंडित को शिक्षा के क्षेत्र में, किए जा रहे उल्लेखनीय कार्य करने पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबं चंद कटारिया के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

चंडीगढ़ के प्राक प्लाजा मे आयोजित स्कूल लीडर्स समिट में में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 20 स्कूल संचालकों एवं शिक्षा नेतृत्वकर्ताओं को शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचार, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करीब 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने डॉ. पराग पंडित को पुरस्कृत करते हुए उनके प्रयास की सराहना की। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सराहा गया। डॉ.पंडित ने राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत होने के बाद बताया कि उनके मार्गदर्शन में ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने सीमित संसाधनों के बावजूद शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह पुरस्कार आत्मबल की वृद्धि और मनोबल बढ़ाने वाला है।

# हाजियों के लिए तरबियती कैंप का तीन फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हज पर जाने वाले हाजियों की रहनुमाई के लिए हज तरबियती कैंप का एहतिमाम जामा मस्जिद में 3 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। कैंप का मकसद हाजियों को हज के अरकान, वाजिबात, सुन्नतों और आम गलतियों से वाकिफ कराना है, ताकि वे पूरे इत्मिनान और सुन्नत के मुताबिक इस फर्ज-ए-अजीम की अदायगी कर सकें। कैंप में एहराम बाँधने से लेकर तवाफ, सई, वुकूफ-ए-अरफात, मुज्दलिफा और रमी-ए-जमरात तक तमाम अरकान अमली तौर पर समझाए जाएँगे। इस तरबियत की कियादत मशहूर हज ट्रेनर आदिल रशीद फरमाएँगे। तमाम हज पर जाने वाले अजरात से अपील की गयी है कि वह इस अहम तरबियती कैंप में जरूर शिरकत फरमाएँ। यहां महिलाओं के बैठने का भी अलग इंतजाम रखा गया है।

## सिहाली के पूर्व प्रधान का इंतेकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पूर्व प्रधान हमीदुल्लाह खान का इंतकाल होने से इलाके में रंजो गम की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में उनके जनाजे को सुपुर्द खाक कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी हमीदुल्लाह खान का शुक्रवार को अस्पताल में उपचार के दौरान इंतकाल हो गया। हमीदुल्लाह खान गांव सिहाली जागीर के प्रधान रह चुके हैं। हमीदुल्लाह खान बहुत ही साफ व ईमानदार छवि के नेता थे। उनकी गिनती संघर्षील नेताओं के रूप में की जाती थी। हमीदुल्लाह खान के इंतकाल की खबर सुनकर पूर्व विधायक अशफाक अली खान, जिला पंचायत के सदस्य अनिसु रहमान खान, भाजपा नेता प्रदीप अग्रवाल, प्रधान इकराम चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच गये।

# किंग इलेविन की दो विकेट से रोमांचक जीत

## फतेह की घातक गेंदबाजी के दम पर मिली जीत




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यन स्कूल में आयोजित तीसरे अंडर-12 लेट श्री जसवंत सिंह साहब क्रिकेट टूर्नामेंट में किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने रोमांचक मुकाबले में एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल को दो विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल ने निर्धारित 30 ओवरों में 145 रन बनाए, जिसमें जयंत चौहान (48 रन) और अनमोल (29 रन) ने अहम योगदान दिया। किंग इलेवन की ओर से फतेह ने 4 विकेट और कृष्णा यादव ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने 25 ओवर में जीत हासिल की, टीम के लिए रियाज अहमद (25) और रुद्राक्ष (23) ने उपयोगी पारियां खेलीं। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए किंग इलेवन के फतेह को मैन ऑफ द मैच तथा एसएस कंस्ट्रक्शन रॉयल के जयंत चौहान को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार यूपी रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी शोएब सिद्दीकी के हाथों प्रदान किए गए। इस दौरान आर्यन स्कूल के डायरेक्टर अनिल सर, अमरोहा क्रिकेट कन्वीनर अमन लीट तथा द आर्यन क्रिकेट अकादमी के कोच चमन सिंह और उमेर तुर्क मौजूद रहे।

# अमरोहा में कृषि निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार

## कलेक्ट्रेट में जिला क्लस्टर सुविधा इकाई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जिले में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने व किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला क्लस्टर सुविधा इकाई एवं जीआई समिति की बैठक का आयोजन कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में प्रभारी ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक एवं सदस्य सचिव जिला क्लस्टर सुविधा इकाई अजब सिंह ने उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के तहत उपलब्ध अनुदानों, प्रोत्साहनों और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नीति के अंतर्गत विकसित किए गए नवीन संसाधनों और सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। अजब सिंह ने जनपद के कृषि निर्यात से जुड़े अनुलग्नक-1 (चतुर्थ संशोधन) के अनुसार चिन्हांकित उत्पादों की जानकारी देते हुए बताया कि अमरोहा से आम, आलू, मेन्था, बासमती धान और ताजी हरी सब्जियां निर्यात के लिए चयनित हैं। इस दौरान एफपीओ के निदेशक श्री जोगिन्दर ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि जनपद के शहद को भी अनुलग्नक-1 की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इससे शहद का क्लस्टर विकसित कर उसके निर्यात की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी और मधुमक्खी पालकों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में कृषि निर्यात को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और जनपद को निर्यात हब के रूप में विकसित करने पर व्यापक चर्चा की गई।

## कृषि विभाग ने किया सरसों फार्म स्कूल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड जोया के ग्राम चक सूरजपुर में आत्मा योजना के तहत सरसों की फसल का फार्म स्कूल प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने खेत का निरीक्षण कर किसानों को सरसों की बेहतर पैदावार, रोग नियंत्रण और आधुनिक कृषि विधियों की जानकारी दी। इस मौके पर कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी अमरोहा ने प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम में वीटीएम मुकेश कुमार, एटीएम विनेश कुमार, संदीप सिंह, मोहित, टीएसी मोहित कुमार के साथ कृषक संतोष देवी, अवनीश कुमार, योगेश कुमार, अंकित कुमार, मित्र पाल सिंह, प्रवीण कुमार, आकाश कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषक बंधु मौजूद रहे।

# स्टेट हाईवे को बना दिया स्टंट ट्रैक, वीडियो वायरल

## चलती कार में छत पर बैठे युवक, खिड़की से बाहर लटककर की स्टंटबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात** स्टेट हाईवे पर युवकों द्वारा जानलेवा स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो गांव मखदुमपुर के पास का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक कार तेज रफ्तार में नौगांवा रोड पर दौड़ रही है, जिसमें सवार युवक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे हैं, जबकि कुछ युवक कार की छत पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान सड़क पर सामान्य यातायात भी चल रहा था, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन रहता है और इस तरह की लापरवाही कभी भी जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकती है।



गनीमत रही कि इस घटना में कोई हादसा नहीं हुआ, लेकिन वीडियो ने युवाओं की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों को उजागर कर दिया है। थाना नौगांवा सादात के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आ चुका है। स्टंट करने वाले युवकों की पहचान और कार के रजिस्ट्रेशन नंबर का पता लगाया जा रहा है। पहचान होने के बाद संबंधित युवकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े खनन! स्टेट हाइवे बना खनन एक्सप्रेस

## ट्रैक्टर-ट्रालियों का बेखौफ राज

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन मानो वैध कारोबार बन गया हो। हालात ऐसे हैं कि दिनदहाड़े खनन किया जा रहा है और खनन सामग्री से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेधड़क स्टेट हाईवे पर फर्राटा भरती नजर आ रही हैं, लेकिन इन्हें रोकने या टोकने वाला कोई दिखाई नहीं देता। हैरानी की बात यह है कि जिस स्टेट हाईवे पर नियमों के पालन की अपेक्षा की जाती है, वहीं खुलेआम अवैध खनन से लदी ट्रॉलियां दौड़ रही हैं। न डर, न रोकथ्रमानो सब कुछ सबकी जानकारी में, किसी की जिम्मेदारी में नहीं की तर्ज पर चल रहा हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का यह सिलसिला चलता है, जिससे सड़क सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भारी वाहनों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। इधर अवैध खनन से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को खुलेआम हाईवे से गुजरते देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा हुआ है। अब सवाल यह है कि क्या अवैध खनन पर लगाम सिर्फ कागजों तक सीमित है? या फिर कार्रवाई किसी बड़े हादसे के बाद ही होगी?. क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि अवैध खनन पर तत्काल सख्ती बरती जाए, ताकि कानून का भय बने और स्टेट हाईवे को खनन मार्ग बनने से बचाया जा सके। इस बाबत तहसीलदार मूसाराम थारू से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया है लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# बागपत प्रशासन ने महान व्यक्तित्वों को दी श्रद्धांजलि

## महात्मा गांधी व बाबा साहब अंबेडकर की बड़े आकार की कलात्मक संरचना को किया स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की भव्य एवं बड़े आकार की कलात्मक संरचना को स्थापित किया गया है जो जिला प्रशासन की पहल है कि कलेक्ट्रेट में आने वाला प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित हों।





कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रशास. निक भवन में प्रवेश के समीप ही यह दोनों आकर्षक रूप में आर्ट इंस्टॉल किए गए है जिनके माध्यम से बागपत प्रशासन ने इन दोनों महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसे इलस्ट्रेशन आर्ट के रूप में वुड प्लास्टिक कंपोजिट शीट से तैयार किया गया है जिसकी विशेषता यह है कि खुले प्रांगण में सामान्य रूप से देखने पर यह केवल रेखाएं दिखाई देती है लेकिन दृष्टि केंद्रित करने पर दोनों महान व्यक्तित्वों के सजीव चित्र सामने उभरकर आते है। आधुनिक कला और परम्परागत भावबोध के समन्वय से तैयार यह आर्ट दृश्य सौंदर्य को बढ़ाती है। इसके चारों ओर गमलों में पौधे लगाए गए है। परिसर में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति स्वयं रुककर इस कला को निहारने के लिए प्रेरित हो रहा है और लोग मोबाइल कैमरों में इसे कैद कर रहे है। इस प्रकार की कला आमतौर पर बड़े शहरों और संस्थानों के मुख्यालयों में नजर आती है लेकिन इतिहास में रचे बसे और भविष्य की आकांक्षाओं से सिंचित बागपत के प्रशासनिक भवन कलेक्ट्रेट में स्थापित यह कला जीवंतता एवं प्रशासनिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसका लोकार्पण जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया ताकि कलेक्ट्रेट में आने वाले लोग प्रेरणा पा सके और राष्ट्रपिता एवं संविधान निर्माता सदैव लोगों को देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाए। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर बदल रहे बागपत जनपद में यह पहल विशेष है। इसके पूर्व जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में कई सराहनीय पहल साकार हुई जिसमें गौरीपुर मोड़ पर संविधान पढ़ती बेटी का स्टैचू, बड़ौत नगर पालिका में बनी संविधान की विशाल प्रतिकृति एवं स्वदेशी का प्रतीक चरखा और नागरिक अधिकारों के बोर्ड, जिलेभर में खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर्स की सुरक्षा एवं शहरों की सुंदरता बढ़ाने हेतु उनके चारों ओर आकर्षक डिजाइन की बैरिकेडिंग की गई थी जिस पर विकसित नगर निकाय, विकसित भारत का संदेश अंकित था। वहीं कायाकल्प के संकल्प के साथ विभिन्न विद्यालयों का स्वरूप मिशन मोड में बदला गया है। कलेक्ट्रेट में स्थापित नया कैफे भी इसी प्रशासनिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता का परिणाम है। जनपद के प्राचीन नाम व्याघ्रप्रस्थ को नई पहचान देता वाटर कियोस्क भी कलेक्ट्रेट, संविधान पार्क बड़ौत सहित कई स्थानों पर स्थापित होकर गर्व से बागपत के इतिहास की गाथा सुना रहा है।

इसके अतिरिक्त जनपद बागपत के आइकॉनिक स्थल पुरा महादेव मंदिर की थीम पर बने स्मृति चिन्ह का प्रयोग विशिष्ट लोगों को सम्मान प्रतीक के रूप में किया जा रहा है जो अपने साथ इस रचनात्मक मोमेंटो पाकर पुनरू बागपत लौट आने का आमंत्रण पा रहे है। उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस, राजकीय वृक्ष अशोक, राजकीय पशु बारहसिंगा और राजकीय नृत्य विद्या कथक को यूपी के मैप पर दर्शाता स्मृति चिन्ह अपनाना, बागपत के आधुनिक एवं पारंपरिकता को दर्शाता लोगो लॉन्च करना जैसे कई सकारात्मक नवाच. ारी पहल शामिल है।

# अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाया। शुक्रवार को बागपत के एआरटीओ विपिन कुमार ने खेकड़ा के बड़ागांव चौकी के समीप सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें खनन सामग्री से भरे 'सात ओवरलोड वाहनों' को पकड़कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान एआरटीओ टीम ने वाहनों के कागजात, वजन और नियमों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में सभी सात वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलते पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सभी वाहनों के 'चालान काटे गए, जिनकी कुल राशि लगभग ''7 लाख रुपये' बताई जा रही है। एआरटीओ विपिन कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि सड़कों को भी भारी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे ही अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में ओवरलोड और अवैध खनन से जुड़े वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में सांस्कृतिक समिति राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों को सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों की पावन स्मृति में एक अत्यंत भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



कॉलेज परिसर में राष्ट्रभक्ति सुविधा और आत्म चिंतन के भाव से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर कॉलेज के प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह प्रबंध समिति के उप मंत्री शोदान तोमर कृष्ण पाल साक्षी शुभम रोहित साहिल शिवम डा. नीलम राणा डा.सरिता डा.अमित नगर डा.अमित कुमार गुप्ता डा.मधु यादव डा.शिवपाल आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

# गोशाला में गोवंशों की दुर्दशा, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर स्थित पंचवटी मंदिर गोशाला में गोवंशों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। गोशाला में समुचित व्यवस्थाओं के अभाव में गोवंश बारिश के कीचड़ एवं ठंड में रहने को विवश हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार गोशाला में आए दिन गोवंशों की मृत्यु हो रही है, जिनका न तो विधिवत अंतिम संस्कार किया जा रहा है और न ही उनका समुचित निस्तारण। मृत गोवंशों के शव खुले में पड़े रहते हैं, जिन्हें चील-कौवे एवं अन्य जानवर नोचते हैं। इससे क्षेत्र में गंदगी, दुर्गंध एवं संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है।



इस गंभीर विषय को लेकर डीएम बागपत को पत्र लिखकर तत्काल निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई है। नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो गोवंशों की दुर्दशा और बढ़ सकती है।

## एक नजर

# वेतनभोगी कर्मचारी सहकारी ऋण समिति पर भ्रष्टाचार व गबन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षक के पदाधिकारियों ने वेतनभोगी कर्मचारी सहकारी ऋण समिति पर भ्रष्टाचार व गबन का आरोप लगाया। उन्होंने डीएम से समिति के अवैध संचालन की जांच कराने की मांग की।

उनका कहना था कि समिति का गठन शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए किया गया था। जिले में बीएसए की अनुमति के बगैर समिति का संचालन शुरू किया गया था, जोकि नियम विरूद्ध है। शिक्षकों की शिकायत पर कुछ समय के लिए समिति का संचालन बंद कर दिया गया था, और सांठ-गांठ कर समिति की जांच को बंद करा दिया गया। समिति के सदस्यों से ऋण के नाम पर दो प्रतिशत कमिशन लिया जाता है। ऋण लेने से पूर्व सदस्योंसे ऋण की दस प्रतिशत राशि ली जाती है, मगर ऋण पूरा होने के बाद भी वापस नहीं किया जाता है। समिति के खातों व अभिलेखों में फर्जी बिल, वाएचर एवं गलत लेखांकन के माध्यम से धन की निकासी कर समिति को आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है। एक शिक्षक ने समिति का कार्यालय अपने निवास स्थान पर स्थानांतरित कर लिया और अपनी माता के नाम से समिति से कार्यालय का किराया लिया गया। संचालन मंडल की नियमित एवं विधिवत बैठक न कराकर केवल प्रस्ताव पंजिका पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया। समिति के लाभांश वितरण में भेदभाव कर सदस्यों को लाभांश देने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने संपूर्ण प्रकरण केवल वित्तीय अनियमितता का नहीं बल्कि अवैध संचालन, विश्वासघात, पद के दुरूपयोग एवं संभावित अपराधिक कृत्यों का है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश यादव, विकास मलिक, राजकुमार शर्मा, जितेंद्र सिंह, रूपेश चौधरी, कर्मवीर सिंह, सुनील कुमार, पवन कुमार, विनीत कुमार मौजूद रहे।

# कबड्डी लीग सीजन 2 में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** के.टी. विंग के तत्वावधान में आयोजित 'बागपत कबड्डी लीग सीज़न 2' का भव्य शुभारंभ के.टी. स्टेडियम, मुबारिकपुर में हुआ। इस प्रतिष्ठित लीग का उद्घाटन 'राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों, आयोजकों एवं खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि के.टी. विंग बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। मैं कपिल के.टी. भैया को लगातार देख रहा हूँ कि वे युवाओं को साथ लेकर बहुत ही सुनियोजित तरीके से अलग-अलग खेलों के टूर्नामेंट आयोजित कर रहे हैं। इसके साथ-साथ के.टी. विंग समाज के लिए भी निरंतर सेवाएं दे रही है, जैसे युवाओं को नशे से दूर रखना और 'विकसित बागपत' का सपना। ऐसे प्रयास आज के समय में अत्यंत सराहनीय हैं। इस मौके पर के.टी. भैया कपिल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि बागपत कबड्डी लीग का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं है, बल्कि जिले के युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। हमारा प्रयास है कि बागपत का युवा नशे और नकारात्मकता से दूर रहकर खेल और समाज सेवा के माध्यम से आगे बढ़े। विशिष्ट अतिथि भोपाल सिंह, रामपाल धामा, राष्ट्रीय लोकदल महासचिव त्रिलोक त्यागी, वीरपाल राठी, देवेंद्र प्रमुख, मनुपाल बंसल, महंत भयादास, यशपाल त्यागी, जयकिशोर, रवि कुमार एडवोकेट, भूपेंद्र शर्मा आदि रहे। लीग के दौरान खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों की भारी मौजूदगी ने यह सिद्ध कर दिया कि बागपत में कबड्डी के प्रति जबरदस्त उत्साह है। आयोजन को सफल बनाने में के.टी. विंग की पूरी टीम, स्वयंसेवकों और स्थानीय सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 30 महिलाओं के मध्य नदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिनौली क्षेत्र में जगह-जगह केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बागपत के सौजन्य से एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के तत्वावधान में आज बिनौली क्षेत्र में 30 महिलाओं के मध्य नदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और उनके प्रति समाज के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना रहा।

इस अवसर पर संस्था के निद. ेशक संजय राणा ने कहा कि हहम नदियों को मां कहते हैं, लेकिन व्यवहार मेहतरानी अर्थात मैला ढोने वाली जैसा करते हैं। पूजा-पाठ में नदियों को पूजते हैं, लेकिन अपने दैनिक जीवन में उन्हें गंदगी का माध्यम बना देते हैं। जब तक हमारा व्यवहार नहीं बदलेगा, तब तक नदियों का अस्तित्व सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे घर-परिवार और समाज में जल संरक्षण व नदी स्वच्छता को लेकर नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी देशवीर नैन ने कहा कि हम अपने बुजुर्गों की सोच और परंपरागत ज्ञान के अनुरूप प्रकृति को सहेज कर नहीं रख पा रहे हैं, जिसकी वजह से नदियां सूख रही हैं, जल प्रदूषण बढ़ रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकट खड़ा हो रहा है। अब समय आ गया है कि हम प्रख्रति के साथ अपने रिश्ते को फिर से समझें। अनुज कुमार कार्यालय सहायक RSETI बागपत ने महिलाओं से आव्हान किया कि नदी संवाद कार्यक्रम की सफलता तब है जब सभी महिलाएं इन बातों का अनुसरण करे, हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा।

# एकता व संगठन स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के शिवपुरी पट्टी चौधराईन में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का अमर वेंकट हाल दिल्ली सहारनपुर पर सामाजिक सुधार, सेवा, एकता एवं संगठन स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर एक बैठक की गई, जिसमें जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा की इसमें सभी समाज को साथ लेकर समाज के उत्थान एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा एवं रणनिती पर विचार किया जायेगा। घनश्याम शर्मा संरक्षक जिला बागपत ने एकता एवं अखंडता तथा भाईचारे के इस कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण समाज के लोगों की उपस्थिति रहे तो समाज में एकता की मिसाल बने को लेकर सभी को उपस्थित होने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित लोकेश वत्स उत्तर प्रदेश सचिव अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिले के सभी गणमान्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है, क्षेत्र के ब्रह्मबुद्धि समाज के गठन एवं एकता का प्रतीक इस सम्मेलन में भविष्य में आने वाले नोजवानो का भविष्य भी तय करेगा। कार्यक्रम आयोजक मंडल एवं उपाध्यक्ष अमित भारद्वाज जी के स्व पिता सुरेश शर्मा की जयंती पर विशेष आग्रह एवं एकता का प्रतीक ब्राह्मण समाज की उपस्थिति प्रार्थनीय है। दीपक शर्मा संगठन प्रभारी ने सभी के सहयोग से ही सम्मेलन की, समाज की अखण्डता स्फलता का आगाज है। रमेश शर्मा सभासद नगर पालिका ने कहा ब्राह्मण समाज ने सदा अग्रणीय भूमिका निभाई है और आगे भी एकता एवं संगठन की मिसाल रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से ब्रजेश शर्मा, रमन शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शुशील शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# कोताना मार्ग पर नाला खोदाई शुरू होने पर किया रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड पर पूर्वी यमुना नहर पुल के पास नाला खोदाई का काम शुरू किया गया है। इसलिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद होने से करीब लगभग 20 गांव के लोगों की परेशानी बढ़ गई है।



कोताना मार्ग पर पूर्वी यमुना नहर पर करीब चार माह से पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। वाहनों के निकलने के लिए स्थाई पुल का निर्माण किया गया है, जिससे वाहनों का आवागमन हो रहा है। अभी पुल बनकर भी तैयार नहीं हुआ है। इसके पास नगर पालिका ने नाला खोदाई का काम शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार नाला बनने में करीब दो माह का समय लगेगा। तब तक मार्ग से जुड़े जोनामान, ढिकाना, बोहला, कोताना, जागौश खेड़ी प्रधान आदिलाबाद शबगा लुहारी, खेड़ा इस्लामपुर, सुल्तानपुर हटाना समेत आठ गांव के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए छपरौली चुंगी व औद्योगिक पुलिस चौकी के पास से घूमकर आना पड़ रहा है। नाला निर्माण होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जल्द नाला निर्माण का कार्य संपन्न कराए जाने की मांग की।

# कांग्रेसियों ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शुक्रवार को प्रदेश व्यापी अभियान के तहत शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं ने शहादत दिवस के रूप मे मनाई गई। दो मिनट का मोन रखकर उनकी तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया एवं महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पंवार के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विचार गोष्ठी का आयोजन किया।



गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा देश की आजादी मे महात्मा गाँधी का अविस्मर्णीय योगदान रहा। उन्होंने भारतीय जनमानस को सत्य अहिंसा शांति प्रेम सदभाव राष्ट्रीय एकता के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने समाज मे व्यापत छुआ-छूत भेदभाव कुरीतियों को मिटाने का काम किया। स्वच्छता विशवास पर विशेष बल दिया विश्व मे देश का नाम रोशन किया। ऐसी महान आत्मा इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जायेगा। संचालन हाकिम सेवादल ने किया। इस अवसर पर औमवीर दुहण शोकेन्द्र तोमर याकूब अहमद मदन सिंह रविन्द्र तोमर प्रवेज सोनू अज़हर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस इरशाद दिलशाद जाहुल सयोराण फिरोज मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 10 राज्यों से बागपत की एसआरजी नीतू कुमरा चयनित

**बडौत।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर में आयोजित होने वाले उत्तर भारत के 10 राज्यों के शिक्षकों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से छह एसआरजी शिक्षकों का चयन किया गया है, जिसमें राजकीय हाई स्कूल सूप की अध्यापिका एवं राज्य संदर्भदाता समूह SRG विज्ञान नीतू कुमरा भी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर एसआरजी ऑफ नॉर्दर्न रीजन ऑन एक्सपीरिएंशियल लर्निंग एट सेकेंडरी स्टेज इन द कॉन्टेक्स्ट ऑफ एनईपी 2020 विषय पर आधारित है। इसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर अनुभव आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना है। नीतू कुमरा जिले में विज्ञान शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। वे एसआरजी विज्ञान, इंस्पायर अवार्ड के प्रेरक शिक्षिका, जनपद स्तरीय विज्ञान की मास्टर ट्रेनर, करियर गाइडेंस प्रोगाम फॉर गर्ल्स में जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय योगदान दे चुकी हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उनके चयन पर प्रसन्नता जताते हुए इसे जिले व शिक्षा विभाग के लिए गर्व का विषय बताया। शिक्षा विभाग के साथ शिक्षा विभाग के साथ जनपद बागपत के छात्र- छात्राओं अध्यापकों शिक्षिकाओं में भी खुशी की लहर दौड़ गई है।

# खाने के रूपए मांगने पर दबंगों ने की होटल संचालक से मारपीट, वीडियों वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक नॉनवेज होटल संचालक सुफियान के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चार लोगों को हिरासत में लिया है।

होटल संचालक सुफियान ने आरोप लगाया है कि चार से पांच युवक उनकी दुकान पर खाना खाने आए थे। खाना खाने के बाद जब उनसे पैसे मांगे गए, तो उन्होंने आनाकानी शुरू कर दी। सुफियान के अनुसार, विरोध करने पर युवकों ने गाली-गलौज की और फिर सुफियान तथा उनके एक साथी के साथ मारपीट की। इस घटना में सुफियान और उनका साथी घायल हो गए। वायरल वीडियो में दो पक्षों के बीच मारपीट साफ देखी जा सकती है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि यह मामला पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# पेंशन बहाली की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा दिव्यांग, एसडीएम ने दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा अमीनगर सराय का दिव्यांग हरीश कुमार पुत्र अरूण कुमार शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचा। जहां उसने पेंशन बहाली की मांग की। कलक्ट्रेट प्रभारी ने दिव्यांग को समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

दिव्यांग हरीश कुमार का कहना था कि वह 100 प्रतिशत विकलांग है। उसके पास मकान नहीं है और न ही आय का कोई साधन है। वह कभी कस्बे में तो कभी सिंघावली अहीर में रहकर अपनी गुजर-बसर कर रहा है। दूसरे लोगों की सहायता और पेंशन के सहारे जीवन यापन कर रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अभियंता ने उसे अपात्र बताकर उसकी पेंशन की कटौती की संस्तुति कर दी थी। उसने शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर उसकी पेंशन की बहाली की मांग की। कलक्ट्रेट प्रभरी ने दिव्यांग की समस्या सुनकर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# मिशन मोड में चलेगा मतदाता सूची पठन अभियान

■ हर बूथ पर बीएलओ पढ़कर सुनाएंगे नाम

■ एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं को दावे-आपत्तियों का मिलेगा पूरा अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदाताओं की सुविधा एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज शनिवार को मिशन मोड में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह ने जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने निर्देशित किया है कि आज शनिवार को जनपद के प्रत्येक मतदान बूथ पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा



आलेख्य मतदाता सूची एवं अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा, ताकि मतदाता अपनी प्रविष्टियों का स्वयं सत्यापन कर सकें।

अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित समय से पूर्व अपने-अपने बूथों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

बीएलओ के पास 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची, साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित सूचियां उपलब्ध रहनी चाहिए। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी बूथों पर दावे एवं आपत्तियों से संबंधित प्रपत्रख्र फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित), फार्म-6ए, फार्म-7 तथा फार्म-8 (घोषणा पत्र सहित) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पात्र नागरिक मौके पर उपस्थित होकर नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा नाम विलोपन से संबंधित आवेदन निर्धारित प्रपत्रों पर प्रस्तुत कर सकेंगे।

कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी बूथों पर निर्धारित कार्यवाही पूर्ण रूप से सम्पन्न हो। आवश्यकता पड़ने पर बीएलओ के सहयोग हेतु अन्य कार्मिकों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

साथ ही इस विशेष अभियान का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

"बुक ए कॉल विथ बीएलओ" से संबंधित प्रकरणों के बारे में निर्देश देते हुए कहा गया है कि कोई भी मामला 48 घंटे से अधिक लंबित न रहे, तथा बीएलओ स्वयं प्रयास कर मतदाता से संवाद स्थापित करें, यह सुनिश्चित किया जाए कि कॉल अनअटेंडेड न रहे।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित न हो पाने वाले ऐसे मतदाता, जिनके नाम मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा दो. हरी प्रविष्ट की श्रेणी में हैं, उनके नाम भी पढ़कर सुनाए जाएंगे।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि सभी मतदाता अपने संबंधित बूथ पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य देखें और आवश्यकता होने पर समय रहते दावे-आपत्तियां दर्ज कराएं।

# रील बनाना युवक को पड़ा भारी सपोर्ट वाल में दबकर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोशल मीडिया के लिए रील बनाना एक युवक को जानलेवा साबित हुआ। बरेली-सितारगंज हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के पास शुक्रवार शाम एक युवक के ऊपर सपोर्ट वाल गिर गई, जिससे दवकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने हाईवे का निर्माण करा रही कंपनी की हाइड्रा मशीन की मदद से भारी दीवार हटाकर युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला गांव निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद फैजान गांव में बाल काटने की दुकान चलाता था। वह अपने भाई-बहनों में पांचवें नंबर का था। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे फैजान गांव के अपने दोस्त अनुज गंगवार के साथ सिजौलिया गांव के पास निर्माणाधीन पुल पर रील बनाने पहुंचा था। अनुज मोबाइल से



वीडियो बना रहा था, जबकि फैजान पुल के किनारे रखी सपोर्ट वाल पर खड़ा था। इसी दौरान अचानक असंतुलित होकर वह नीचे खेत में गिर पड़ा और भारी सपोर्ट वाल उसके ऊपर आ गिरी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए, और बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव घर ले गए। बाद में कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। युवक की मौत से उसके परिवार में को. हराम मचा हुआ है।

## एक नजर

# मुकदमा वापस न लेने पर भाईयों पर मारपीट का आरोप

**पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जगह के बंटवारे से जुड़े मुकदमे को वापस न लेने पर तीन भाईयों ने एक युवक के साथ मिलकर अपने भाई की पिटाई कर दी। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने शिकायतकर्ता के तीन भाईयों सहित एक अन्य युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला टांडा निवासी मो0 सफी पुत्र अब्दुल वहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 23 जनवरी की शाम 8 बजे वह अपने घर में चारपाई पर लेटा हुआ था। इसी दौरान उसके भाई घर में घुस आए और उस पर जमीन के बंटवारे को लेकर दर्ज कराया गया मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। जब उसने मुकदमा वापस लेने से इंकार किया तो आरोपियों ने उसे गालियां दीं और मारपीट की। घटना के बाद पुलिस ने शिकायतकर्ता के भाई मो. तौफीक, मो. जाहिद, अजीज अहमद पुत्रगण अब्दुल वहीद तथा मुख्तयार अहमद पुत्र तुफैल अहमद के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# माता रानी गुस्सा हो जाएंगी, नहीं तो अपना सामान मुझे दे दो

**और महिला के जेवर उतरवाकर ठग फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो शातिर ठगों ने एक महिला से उसके जेवर उतरवाकर उससे 11 कदम चलने को कहा, और जेवर उतरवाकर फरार हो गए। महिला ने अपने साथ हुई इस ठगी की तहरीर पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र की कुंडरा कोठी पुलिस चौकी के गांव बालपुर की रहने वाले प्रेमपाल सिंह की पत्नी कृष्णा देवी गांव से जीप पर बैठकर नवाबगंज में एक सर्राफ की दुकान पर आई थी कि कस्बे के गुलशननगर में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को देखने जा रही थी कि ब्लॉक के सामने उसे दो युवक मिले। एक ने कहा माता जी मुझे पानी पीना है, महिला ने उसे 10 का नोट दिया लेकिन उसने नहीं लिया। इसी दौरान दूसरा युवक आया और उसने पानी की बोतल हाथ में दी और कहा उसे दे दो। फिर एक ने कहा कि आपका एक बेटा पहले खत्म हो चुका है दूसरे लड़के पर शाम तक संकट है, इतना सुनते ही महिला घबरा गई, फिर एक युवक 10 कदम चला और वापस आ गया, कहा मातारानी गुस्सा हो जाएंगी नहीं तो अपना सामान मुझे देकर 11 कदम चलो, इतना सुनते ही महिला ने अपने कानों के कुंडल, दो अंगूठी और मंगलसूत्र के साथ ही 10 हजार रुपए और मोबाइल फोन एक पन्नी में रखकर उसे दे दिया। युवक ने कहा कि अब 11 कदम चलना, जब महिला 11 कदम चली और जब वह लौटकर आई तो दोनों युवक फरार हो गए। युवकों के फरार होने के बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। महिला के मुताबिक ठग उसके सामान का थैला भी ले गए। घटना की तहरीर महिला ने कोतवाली में दी है।

# पैसे हड़पने के आरोप में प्राइवेट संस्था के कर्मचारी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जरूरतमंद लोगों को लोन उपलब्ध कराने वाली एक संस्था से जुड़े कर्मचारी ने महिलाओं को दिये जाने वाले लोन के हजारों रूपये हड़प लिये। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उसने उक्त कर्मचारी से पैसे वापस करने के लिये कहा तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एफ एल समस्ता फाइनेंस कम्पनी के शाखा प्रबंधक ताहिर खान का कहना है कि उनकी संस्था कम्पनी अधिनियम 1956 तहत पंजीकृत व आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त संस्थान है, जिसकी वर्तमान में एक शाखा मोहल्ला महादेवपुरम बहेड़ी में चल रही है। उनकी संस्था ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में सूक्ष्म एवं लघु लोन बांटने का कार्य करती है। आरोप है कि कम्पनी में काम करने वाले अनिल कुमार पुत्र लेखराज निवासी धौनेरा बरेली ग्राहकों से स्वीकृत लोन की किस्तों का 69637/- रुपया ग्राहकों से नकद प्राप्त कर अपने पास रख ली। काफी कहने के बाबजूद अनिल कुमार ने उक्त राशि कम्पनी के खाते में जमा नहीं की। ज्यादा कहने पर धमकी दी कि अगर अब पैसे मांगे तो उसे जान से हाथ धोना पड़ेगा। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बेहद फजीलत, रहमत और बरकत वाली रात है शबे-बारात: अहसन मियां

■ नौजवान हुड़दंग व शोर-शराबे से बचकर इबादत में गुजारें रात: मुफ्ती सलीम नूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शबे-बारात का पर्व 03 फरवरी, मंगलवार को देश भर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस मुबारक रात में मुसलमान रात भर जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं। मस्जिदों, दरगाहों और कब्रिस्तानों में साफ-सफाई व रौशनी की जाती है। लोग बुजुर्गों की मजारों पर हाजिरी देते हैं और कब्रिस्तान जाकर अपने घर-खानदान के मरहूमीन के लिए इसाले सवाब करते हैं। यह सिलसिला पूरी रात चलता है।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस अवसर पर दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन बद्रुश्शरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने दरगाह मुख्यालय पर नमाज-ए-जुमा के बाद शबे-बारात की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया है कि जब शाबान की पंद्र. हवीं रात आए तो उसमें कय्याम (इबादत) करो और इसके दिन का रोजा रखो। यह रात रहमत, बरकत और मगफिरत की बेहद फजीलत वाली रात है।

अहसन मियां ने कहा कि इस मुबा. रक रात में मुसलमान अल्लाह का जिक्र कसरत से करें, जो नमाज कज्जा हो गई हो उसे अदा करें, नफ्ल नमाज पढ़ें, तस्बीह, इस्तेगफार और कुरआन की तिलावत करें। यह गुनाहों से निजात पाने की रात है और उन खास रातों में से एक है, जिनमें अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कब्बूल फरमाता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने रब को राजी करें, गुनाहों से तौबा करें और अपने पूर्वजों के लिए खूब इसाले सवाब करें। इस मौके पर मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि शबे-बारात के दिन बेसहारा, बेवाओं, यतीमों और जरूरतमंदों की भरपूर मदद की जाए, उन्हें खाना खिलाया जाए और तमाम बुरे कामों से बचने का पुख्ता इरादा किया जाए। उन्होंने खास तौर पर नौजवानों से अपील की कि इस मुबा. रक रात में बाइक से स्टंट, हुड़दंग और शोर-शराबा करने से हरगिज बचें और इबादत में वक्त गुजारें।

दरगाह के जिम्मेदारों शाहिद खान नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी व मंजूर रजा ने नगर निगम से मांग की है कि शहर भर की सभी दरगाहों, खानकाहों, मस्जिदों और कब्रिस्तानों के आसपास विशेष साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। इस अवसर पर आयोजित बैठक में मौलाना बशीरूल कघदरी, मुजाहिद रजा, शान रजा, इशरत नूरी, आलेनबी, सय्यद माजिद, सय्यद एजाज, युनुस गद्दी, काशिफ सुब्हानी, अब्दुल माजिद, साजिद नूरी, सुहैल रजा, शाद रजा, अरवाज रजा, अमान रजा, हाजी शरिक नूरी, तारिक सईद, शरिक बरकाती, सबलू अल्वी, आरिफ नूरी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने के आरोप में भाजपा से जुड़े अधिवक्ता पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** फर्जी दस्तावेजों के जरिये जमीन हड़पने के आरोप में पुलिस ने भाजपा से जुड़े एक अधिवक्ता सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्ष 2012 में शिक्षा संस्था का अस्तित्व समाप्त हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से कूटरचित अभिलेखों और भ्रामक तथ्यों के आधार पर बालिका इंटर कॉलेज की भूमि पर स्वामित्व जताने का प्रयास किया गया। गलत शपथ पत्र व फर्जी कागजात और रिकॉर्ड में हेरफेर कर भूमि पर अधिकार दिखाया गया, जिससे उसे आर्थिक व मानसिक क्षति उठानी पड़ी।

शिकायतकर्ता सेवाराम पुत्र लो. कमन निवासी ग्राम नौगंवा थाना बहेड़ी जनपद बरेली का कहना है कि वह लक्ष्मीबाई बालिका इण्टर कॉलेज, सुकटिया, तहसील व थाना बहेड़ी, जिला बरेली का प्रबन्धक है। वर्ष 2012 में लक्ष्मीबाई बालिका इण्टर कॉलेज संस्था के लिये आराजी काश्त ग्राम सुकटिया, परगना चौमहला, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली स्थित गाटा संख्या 372/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि का सम्पूर्ण भाग विधिवत रजिस्टर्ड बैनामों द्वारा संस्था के नाम क्रय किया गया था। उक्त भूमि का 1/2 भाग दिनांक 19.05.2012 को तथा शेष 1/2 भाग दिनांक 01.06.2012 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में रजिस्ट्रीकृत हुआ। उक्त सम्पूर्ण भूमि पर आज भी दस्तावेजों में लक्ष्मीबाई बालिका इण्टर कॉलेज संचालित है। आरोप है कि पेशे से अधिवक्ता भाजपा नेता दिनेश कुमार सूर्य पुत्र चन्दसेन सूर्य निवासी मोहल्ला रामलीला, कस्बा व थाना बहेड़ी, जनपद बरेली जो स्वयं बैनामा दस्तावेजों में संस्था के अध्यक्ष के रूप में दर्ज है एक भूमाफिया एवं प्रभावशाली व्यक्ति है।

आरोप है कि उसने छल कपट एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर विक्रेता रश्मि सिंह को गुमराह करते हुए दिनाक 17.02.2025 को उपरोक्त गाटा संख्या 372/2 के 1/4 भाग 505 वर्ग मीटर का एक फर्जी बैनामा अपने पक्ष में करा लिया, जबकि उक्त भूमि का सम्पूर्ण भाग वर्ष 2012 में ही संस्था के नाम विक्रय हो चुका था। आरोप है कि उक्त अधिवक्ता उक्त फर्जी बैनामे के आधार पर लक्ष्मीबाई बालिका इण्टर कॉलेज की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। अभियुक्त एवं उसके परिजनों ने निद्यालय का मुख्य गेट तोड़कर बंद कर दिया है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी द्वारा उनके विरुद्ध झूठे व कथित अभियोग भी पंजीकृत कराये गये हैं। वहीं इस मामले में पुलिस ने आरोपी दिनेश सूर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों, दस्तावेजों व साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। विवेचना के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# युवक को घेरकर लाठी डंडों से पीटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुरानी रंजिश के चलते दबंग चार लोगों ने अपने घर के सामने युवक को घेरकर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा के मोहल्ला अंसारी वार्ड सात निवासी फहीम ने बताया कि वह बृहस्पतिवार रात 9 बजे बाजार से खरीदारी करके अपने घर जा रहा था। जब वह मोहल्ला अंसारी वार्ड 9 निवासी शकील के घर के पास पहुंचा तो पुरानी रंजिश के चलते इसी मोहल्ले के निवासी शकील, शिफान मुनाजिर, चांद ने घेरकर लाठी डंडों से हमला करके फहीम को घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने ललकारा तब जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल फहीम को लेकर थाना गए। जहां पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके फहीम को मेडिकल के लिए भेज दिया। इस प्रकरण में थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# एसआईआर कार्यक्रम की समीक्षा में एसडीएम सख्त

■ कम फार्म-6 भरने वाले बीएलओ पर नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने शुक्रवार को तहसील सभागार में एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत दावा आपत्ति प्राप्ति, निस्तारण एवं एआरओ द्वारा की जा रही नोटिस सुनवाई के कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान एसडीएम ने सुपरवाइजरों से बूथवार फार्म 6 की प्राप्ति एवं निस्तारण की प्रगति की जानकारी ली। 10 से कम फार्म 6 जमा करने वाले बूथों पर तैनात बीएलओ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रत्येक बूथ पर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने निर्देशित किया कि सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों के इंटर व डिग्री कॉलेजों से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके।

बैठक में बताया गया कि बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों की फीडिंग के दौरान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की गई थी, जिसमें निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर पांच प्रकार की विसंगतियां पाई गई हैं। इनमें 12,202 मामलों में एक ही मतदाता से छह से अधिक मतदाताओं की मैपिंग, 24,083 मामलों में 2003 व 2025 की मतदाता सूची में पिता के नाम का मिसमैच, 7,190 मामलों में अभिभावक व मतदाता की आयु में 15 वर्ष से कम का अंतर, 3,907 मामलों में 50 वर्ष से अधिक का अंतर तथा 1,681 मामलों में दादा-दादी व मतदाता की आयु में 40 वर्ष से कम का अंतर शामिल है। एसडीएम ने बताया कि सभी प्रकार की त्रुटियों पर बीएलओ संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी कर साक्ष्य प्राप्त करेंगे और उन्हें बीएलओ एप पर अपलोड किया जाएगा। एआरओ द्वारा संबंधित मतदाताओं की फोटो व हस्ताक्षर लेकर दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। एआई द्वारा चिन्हित त्रुटियों की नोटिस सुनवाई 27 फरवरी तक एआरओ द्वारा कराई जाएगी। बैठक में तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, वीआरसी गिरजा शंकर, सुपरवाइजर पुष्पेन्द्र सिंह, गिरन्द सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्राइम पेट्रोल देखकर रची गई इवेंट मैनेजर की हत्या की साजिश, दो और आरोपी दबोचे



■ जांच भटकाने के लिए मोबाइल अलग-अलग शहरों में चलाया, पुलिस ने पूरे हत्याकांड का किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इवेंट मैनेजर पूजा राणा की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने क्राइम पेट्रोल जैसे अपराध आधारित टीवी कार्यक्रम देखकर हत्या की साजिश रची थी और जांच को भटकाने के लिए मृतका का मोबाइल फोन अलग-अलग शहरों में चलाया।

इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोहिल खान उर्फ सोहेल और अनिल कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी को पूजा राणा के भाई मनोज राणा ने थाना बारादरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बहन पूजा, जो इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करती थी, 12 जनवरी की दोपहर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि पूजा आरोपी विमल कुमार की कार में सवार हुई थी। कड़ाई से पूछताछ करने पर विमल ने पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद और शराब के नशे में गुस्से में आकर पूजा की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूल की। आरोपी ने बताया कि उसने पूजा के शव को नकटिया नदी के जंगल क्षेत्र में दबा दिया था और उसकी स्कूटी को पीलीभीत की बड़ी नहर में फेंक दिया।

पुलिस 23 जनवरी को आरोपी को अभिरक्षा में लेकर बरामदगी के लिए गई। पीलीभीत से स्कूटी बरामद कर ली गई। इसके बाद मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए जब पुलिस टीम आरोपी को बीडीए रामगंगा कॉलोनी, थाना बिथरी चौनपुर क्षेत्र लाई, तभी आरोपी ने पहले से छिपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मुख्य आरोपी से पूछताछ में सो. हल खान उर्फ सोहेल और अनिल कुमार के नाम सामने आए। गुरुवार को बारादरी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरो. पियों ने बताया कि पुलिस को गुमराह करने के लिए पूजा का मोबाइल फोन जानबूझकर बरेली, दिल्ली और पीलीभीत में चालू कराया गया, ताकि मोबाइल लोकेशन बदलने से जांच भटक जाए। यह तरीका उन्होंने क्राइम पेट्रोल जैसे टीवी कार्यक्रम देखकर सीखा था। आरोपियों ने बताया कि 12 जनवरी को विमल कुमार नशे की हालत में पूजा को अपनी कार में लेकर घूम रहा था। पैसे को लेकर विवाद होने पर उसने अपने दोस्त सोहिल को बुलाया। पुलिस के अनुसार, कार की पिछली सीट पर बैठे विमल और सोहिल ने मफलर से पूजा का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या के बाद घबराए विमल ने अपने रिश्तेदार अनिल कुमार से संपर्क किया, जो पहले से ही शव छिपाने के लिए गड्ढा खोद चुका था। आरोपियों ने रिठौरा के पास सुनसान इलाके में पूजा के शव को दफना दिया।

थाना बारादरी प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पूजा हत्याकांड में फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अखंड रामायण, कीर्तन एवं भव्य भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर हुरहरी में श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विधिवत अखंड रामायण पाठ की शुरुआत हुई, जो दिन-रात अनवरत चलता रहा। शुक्रवार को अखंड रामायण के समापन के उपरांत विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर आयोजित कीर्तन में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव एवं श्रीराम की आराधना की। मंदिर परिसर "हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद, शुद्ध पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में विधायक डीसी वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल के सुपुत्र कार्तिक पटेल विशेष रूप से मंदिर पहुंचे। उन्होंने



भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द एवं सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। आयोजन में विधायक डीसी वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश दिवाकर, विजय गंगवार, ममता गंगवार, मनोहर सिंह पटेल, कुंवर भानु प्रताप सिंह, सुरेश गंगवार, राजीव गुप्ता, तेजपाल फौजी, निरंजन यादववंशी, अनिल गंगवार, रामोतार आर्य, श्यामवीर गंगवार, मनोज श्रीवास्तव, ओमकार गंगवार, जयवीर सिंह गंगवार एवं सोमपाल मुखिया के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

# किश्तों से बचने को रची लूट की फर्जी कहानी, पुलिस जांच में खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव दौली जवाहरलाल की गौंटिया निवासी महेश पाल पुत्र डालचंद ने गुरुवार को डायल 112 पर कॉल कर वकदाह व तुरसा पट्टी के बीच चार अज्ञात लोगों द्वारा तमंचा दिखाकर ई-रिक्शा, जेब में रखे नौ हजार रुपये तथा मोबाइल फोन लूट लेने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही शाही थाना पुलिस व 112 की पीआरवी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर लूट के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन जांच में लूट की कोई पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने महेश पाल को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसने सच्चाई स्वीकार कर ली। थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि महेश पाल ने गत वर्ष 31 मई को हरीलाला निवासी फतेहगंज पश्चिमी से ई-रिक्शा किश्तों पर खरीदा था, जिसकी 16 किश्तें अभी बकाया थीं। ई-रिक्शा में अधिक टूट-फूट होने और किश्तों के भुगतान से बचने के उद्देश्य से उसने लूट की फर्जी कहानी रची। आरोपी ने ई-रिक्शा की बैटरी और मोटर निकालकर धौरा टांडा में देवेंद्र निवासी जनक जागीर की दुकान पर रख दी, जबकि धौरा मोड़ के पास खेत में ई-रिक्शा खड़ा कर पुलिस को झूठी सूचना दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद ई-रिक्शा, उसकी बैटरी और मोटर बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस को गुमराह करने व झूठी सूचना देने के आरोप में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रेल संरक्षा में सजगता की मिसाल बने देवानन्द कुशवाहा, सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित

■ संभावित रेल दुर्घटना टालने पर महाप्रबंधक ने नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले तीन कर्मचारियों को महाप्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' घोषित करते हुए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर इज्जतनगर मंडल के मंधना स्टेशन पर इलेक्ट्रिक सिगनल मेंटेनर के पद पर कार्यरत देवानन्द कुशवाहा को उनके अद्वितीय साहस, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए



विशेष रूप से सम्मानित किया गया। श्री कुशवाहा ने 03 नवम्बर 2025 को ड्यूटी के दौरान चौबेपुर स्टेशन मास्टर द्वारा चौबेपुर यार्ड में सिगनल विफलता की सूचना मिलने पर तत्परता दिखाते हुए ट्रैक सर्किट की गहन जांच की। जांच के दौरान उन्होंने ट्रैक वेल्डिंग में क्रैक की पहचान की और बिना समय गंवाए इसकी सूचना तत्काल स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही रेल पथ निरीक्षक द्वारा उक्त ट्रैक को तुरंत दुरुस्त कराया गया। देवानन्द कुशवाहा की सजगता एवं सूझबूझ से एक संभावित अप्रिय रेल दुर्घटना को समय रहते टाल लिया गया, जिससे रेल संरक्षा सुनिश्चित हो सकी।

रेल प्रशासन ने माना कि श्री कुशवाहा की तत्परता, तकनीकी दक्षता और कार्य के प्रति समर्पण के कारण यात्रियों की सुरक्षा बनी रही तथा रेलवे को एक बड़ी क्षति से बचाया जा सका। इसी उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' के सम्मान से नवाजा गया।

इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने देवानन्द कुशवाहा के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनका मनोबल बढ़ाया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# धौलाना फैक्ट्री में आग का तांडव, मचा हड़कंप

## गैस पाइप फटने से अचानक हुआ तेज धमाका, दमकल की मुस्तैदी से टली बड़ी अनहोनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के धौलाना इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार तड़के बड़ा औद्योगिक हादसा होते-होते टल गया। गुलावठी मार्ग स्थित हेलो एरोमेटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सिंथेटिक मेंथा ऑयल निर्माण इकाई के भीतर अचानक गैस पाइप फटने से तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठते ही फैक्ट्री परिसर में हड़कंप मच गया और आसपास की इकाइयों में भी दहशत का माहौल बन गया।

घटना के समय नाइट शिफ्ट में नौ मजदूर ड्यूटी पर तैनात थे। गैस रिसाव और आग की भनक लगते ही शिफ्ट इंचार्ज ने तत्काल मशीनें बंद कराने के निर्देश दिए और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। कर्मचारियों ने भी सूझबूझ दिखाते हुए आपातकालीन निकास मार्ग से फैक्ट्री परिसर से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। इसी त्वरित निर्णय और अनुशासन के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग सक्रिय हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे और टीम ने चारों ओर से मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के दौरान आसपास की अन्य इकाइयों को भी सतर्क किया गया, ताकि आग फैलने की कोई संभावना न रहे। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। प्रारंभिक जांच में गैस पाइप में तकनीकी



खराबी या दबाव अधिक होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, नियमित रूप से गैस पाइप लाइन और उपकरणों की जांच कराने तथा आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने की अपील की है।

## पुलिस की सख्ती का असर, आर्म्स एक्ट व लूट के दो मामलों में आरोपी को जेल व जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय में बड़ा फैसला सामने आया है। अवैध हथियार रखने और लूट की घटनाओं से जुड़े दो मामलों में एक ही आरोपी को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने जेल की सजा के साथ अर्थदंड भी लगाया है। इससे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

आर्म्स एक्ट के मामले में थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रवीण उर्फ मारकाट पुत्र सतपाल को अवैध रूप से चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियुक्त द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर न्यायालय ने उसे जेल में बिताई गई अवधि एक वर्ष की सजा और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं लूट के मामले में भी इसी आरोपी के खिलाफ वर्ष 2013 में थाना हापुड़ देहात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि एक वर्ष छह माह दस दिन की सजा और एक हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया।



## अंडर-19 क्रिकेट लीग का ताज गौतमबुद्धनगर के सिर, हापुड़ को मिली हार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल मैदान पर खेली गई अंडर-19 क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। खिताबी जंग में गौतमबुद्धनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हापुड़ को 56 रन से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल में ऋषभ चौधरी की विस्फोटक पारी ने मुक. ाबले की दिशा तय कर दी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गौतमबुद्धनगर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 311 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ऋषभ चौधरी ने 112 रन की बेहत. रीन शतकीय पारी खेली, जबकि भावी शर्मा ने 76 रन का अहम योगदान दिया। हापुड़ की ओर से गेंदबाजी में अंकित ने तीन विकेट लेकर संघर्ष किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हापुड़ की टीम ने दमदार शुरुआत की, लेकिन नियमित अंत. राल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। हापुड़ की पूरी टीम 255 रन पर सिमट गई। आदित्य ने 54 रन और अंकित ने 47 रन की उपयोगी पारी खेली। गौतमबुद्धनगर की ओर से सार्थक ने तीन विकेट लेकर जीत की राह आसान की। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में शानदार प्रदर्शन के लिए ऋषभ चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बल्लेबाज के खिताब से नवाजा गया। बेस्ट बॉलर और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार हापुड़ के रवि सैनी को मिला, जबकि बेस्ट विकेटकीपर का



सम्मान तनिष्क शर्मा को दिया गया। इस लीग के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश एवं यूपीसीए निदेशक डीएस चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि जज्बा, जुनून और टीमवर्क का प्रतीक है। उन्होंने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। एचपीडीए के वीसी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि जीत चाहे किसी की भी हो, असली विजेता खेल भावना है। उन्होंने आयोजन समिति और खिलाड़ियों को सफल टूर्नामेंट के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक रामकुमार त्यागी, उपाध्यक्ष डा. आयुष सिंहल, नवीन सचदेवा, डीएन गौड़, बुलंदशहर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अमरीश गुप्ता, अंशुल मित्तल, गौतमबुद्धनगर से कन्हैया लाल तेजवानी, मुकेश त्यागी, अजीत त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा व्यवस्था में असंतुलन का आरोप, यूजीसी निर्णय पर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हालिया निर्णय के विरोध में पश्चिमी प्रदेश प्रवक्ता पंडित ललित शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी हापुड़ के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में यूजीसी के निर्णय को देश की शैक्षणिक व्यवस्था के लिए गंभीर रूप से असंतुलन पैदा करने वाला बताते हुए इसे योग्यता, परिश्रम और समान अवसर की संवैधानिक भावना के विपरीत करार दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी के इस फैसले से शिक्षाविदों, छात्रों और अभिभावकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। यह मुद्दा राष्ट्रीय मीडिया, सामाजिक मंचों और जनचर्चाओं में



प्रमुखता से उठ रहा है। देशभर में विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है, जो इस बात का संकेत है कि निर्णय पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी वर्ग विशेष के अधिकारों के विरुद्ध नहीं है, बल्कि न्यायपूर्ण, संतुलित और योग्यता-आधारित शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षा नीति में असंतुलन समाज में असहमति और वैमनस्य को जन्म दे सकता है, जो राष्ट्रहित के विपरीत होगा। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह किया गया कि यूजीसी के विवादित निर्णय को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए, सभी संबंधित पक्षों और शिक्षाविदों से संवाद स्थापित कर व्यापक विमर्श के बाद इस पर पुनर्विचार किया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में योग्यता और समान अवसर की संवैधानिक भावना को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान पंडित मूलचंद शर्मा और पंडित गोरख शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि राष्ट्रपति के दूरदर्शी नेतृत्व में इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और देश की शैक्षणिक समरसता एवं सामाजिक संतुलन बनाए रखा जाएगा।

## हाईवे पर पलटी कार, चार महिलाएं समेत सात लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कई बार पलटते हुए सड़क पर जा पलटी। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार चार महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना गांव पोपाई के पास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार अत्यधिक गति में थी। डिवाइडर से टकराने के बाद वाहन बेकाबू होकर पलट गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और




कार में फंसे घायलों को बाहर निक. ालने में जुट गए।

स्थानीय लोगों की तत्परता से कई घायलों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस के मुताबिक कार सवार सभी लोग मेरठ जनपद के निवासी हैं और किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए हापुड़ की ओर जा रहे थे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही रही। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## गांधी शहादत दिवस पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिला और शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 78वां शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद स्थित गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर बापू को नमन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल स्वतंत्रता संग्राम के नेता ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए शांति, सत्य और अहिंसा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा आज देश को फिर से गांधी के विच. ारों की सबसे ज्यादा जरूरत है। गांधीजी ने बिना हथियार उठाए अंग्रेजी हुकूमत को झुकाया और यह साबित कर दिया कि सत्य और अहिंसा की ताकत किसी भी हथियार से ज्यादा मजबूत होती है। भारत लौटने के बाद उन्होंने किसानों पर अत्याचार, भारी कर व्यवस्था और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आंदोलन खड़े किए। कांग्रेस की कमान संभालने के बाद उन्होंने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, सांप्रदायिक सौहार्द और छुआछूत के खिलाफ अभियान चलाकर समाज को नई दिशा दी। हमारा संकल्प है कि बापू के सपनों का भारत बनाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा, जहां हर नागरिक को सम्मान, समान अवसर और न्याय मिले राक. ेश त्यागी ने कहा। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भी महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने का आहवान किया। कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## एक नजर

### अवैध चाकू के साथ पुलिस ने युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई करीमपुर बम्बा पुलिया के पास की गई, जहां संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने युवक को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नीरज पुत्र मुकानन्द निवासी ग्राम बिहूनी थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना बहादुरगढ़ में संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

### पुलिस ने शातिर बदमाश को तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना पुलिस टीम मुदफ़रा से कोटा हरनाथपुर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को शक के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान निखिल उर्फ छोटू पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम हरनाथपुर कोटा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हाफिजपुर पुलिस बनी संकटमोचक, 40 मिनट में सुरक्षित मिली लापता बुजुर्ग महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की हाफिजपुर पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लापता बुजुर्ग महिला को महज 40 मिनट के भीतर सकुशल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। मानसिक रूप से कमजोर महिला के अचानक घर से लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई से एक संभावित अनहोनी को टाल दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार थाना हाफिजपुर क्षेत्र के एक गांव से बुजुर्ग महिला के लापता होने की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने तत्काल टीम गठित कर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। उनके निर्देशन में उप निरीक्षक सतवीर सिंह और आरक्षी विक्रांत तोमर को जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने आसपास के इलाकों, मार्गों और संभावित स्थानों पर तेजी से तलाश अभियान चलाया। परिणामस्वरूप सूचना मिलने के मात्र 40 मिनट के भीतर महिला को सुरक्षित ढूंढ निकाल लिया गया। महिला की सकुशल बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। लोगों का कहना है कि इस तरह की त्वरित कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने उप निरीक्षक सतवीर सिंह और आरक्षी विक्रांत तोमर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। थाना हाफिजपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मान पत्र सौंपते हुए उनके कार्य की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में समय पर कार्रवाई सबसे अहम होती है। पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा और सहायता करना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हाफिजपुर पुलिस इसी तरह पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करती रहेगी।

## ग्राम सचिव मनीष वत्स व ग्राम प्रधान ने सदरपुर गांव में लगाई जन चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैना सदरपुर में राधा कृष्ण मंदिर परिसर पर जन चौपाल लगाई गई। जहां पर गांव सदरपुर के ग्रामीणों ने अपनी अपनी अपनी समस्याएं रखी। वही ग्राम पंचायत के सचिव मनीष वत्स व ग्राम प्रधान अमित कुमार ने जनसुनवाई के दौरान जितनी भी ग्रामीणों की समस्याएं थी उन सभी को सुना। वहीं कुछ समस्याओं का तो मौके पर ही निस्तारण किया गया और कुछ जो समस्याएं रह गई थी उनके लिए दिशा निर्देशित किया गया। वही जनसुनवाई के दौरान फार्मर रजिस्ट्री भी की गई और ग्रामीणों की तालाब की समस्या को लेकर के ग्रामीणों के द्वारा निराकरण किया गया। कुछ आईजीआरएस का समाधान भी किया गया। वही मौके पर ग्रामीणों में ऋषिपाल सिंह तोमर पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह तोमर, पिंटू चौहान, उपेंद्र सिंह, विक्रम ठाकुर, मास्टर आनंद सिंह तोमर, हरपाल सिंह, देवराज सिंह तोमर और अन्य लोग मौजूद रहे।



## हिंदी ओलंपियाड में जेएमएस स्कूल ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपनी भाषाई दक्षता, समझ और अभिव्यक्ति कौशल का शानदार परिचय देते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए।

हिंदी भाषा पर मजबूत पकड़ का प्रदर्शन करते हुए कक्षा एक की तुशिका मुद्गल, कक्षा दो से मरियम, अवान ध्रुवांश व कुलश्रेष्ठ, कक्षा तीन की इनाया, कक्षा चार के मोहम्मद अरशद और कक्षा पांच के सजल त्यागी ने स्वर्ण




पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा दो की गौरांशी, अबुबकर और दक्ष ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा यशिका व शौर्य (कक्षा एक) तथा अथर्व कुमार, नवेश, फैज, मानवी शर्मा, देवांश चौधरी, आराध्या, लिबा, गुरमन और आदित्य बाना ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन के डा. आयुष सिंघल एवं डा. रोहन सिंघल ने सभी विजेता विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने हिंदी ओलंपियाड समन्वयक रुचिका खुराना को उनकी उत्कृष्ट गाइडेंस और समर्पित प्रयासों के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।

## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी, मशीनों के रख रखाव की व्यवस्था को देखा और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी, विकास चंद्र गुप्ता भारतीय जनता पार्टी, मुन्ना लाल कश्यप जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर से कुचलकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर नगर के स्टेशन रोड पर स्थित एक व्यापारी के गोदाम पर मैदा की बोरियां उतारते समय ट्रैक्टर से कुचलकर एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे हुई। मोहल्ला हबीबुल्ला खान जुनूबी निवासी 38 वर्षीय रेशू खां एक व्यापारी के गोदाम पर मैदा से भरी ट्रॉली से बोरे उतारने आया था। ट्रॉली का डाला खोलते समय ढाल पर खड़ा ट्रैक्टर अचानक आगे सरक कर स्टार्ट हो गया।

रेशू खां ट्रैक्टर को बंद करने के लिए उस पर चढ़ा, लेकिन उसका पैर फिसल गया। वह ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला और कस्बा इंचार्ज विपिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक रेशू खां के शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकलवाया। पंचनामा भरकर शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## केजीएमयू धर्मांतरण केस में पीलीभीत से शारिक खान गिरफ्तार

**पीलीभीत।** लखनऊ के केजीएमयू धर्मांतरण और यौन शोषण केस में बड़ी कार्रवाई चौक पुलिस ने आरोपी डॉक्टर रमीज मलिक के पहले निकाह का गवाह शारिक खान (शारिख खान) को पीलीभीत से गिरफ्तार किया।

शारिक, रमीज के पिता सलीमुद्दीन के दोस्त का रिश्तेदार, पहले निकाह (हिंदू महिला के साथ जबरन धर्मांतरण) में गवाह था।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में महिला डॉक्टरों के साथ हुए यौन शोषण और जबरन धर्मांतरण मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है।

गुरुवार देर रात चौक पुलिस ने मामले के एक और नामजद आरोपी शारिक खान को पीलीभीत के न्योरिया क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

शारिक पर आरोप है कि उसने आरोपी डॉक्टर रमीज मलिक द्वारा महिला डॉक्टर के साथ किए गए कथित निक. ाहनामे में गवाह के तौर पर हस्ताक्षर किए थे।

शारिक की गिरफ्तारी से कई राज खुल सकते हैं।

# बुढ़ापे की बीमारियों का रामबाण इलाज बन रही है 'जराचिकित्सा'

## कावा की ओर से सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में हुई कार्यशाला

शाह टाइम्स

**रामपुर।** सीआरपीएफ वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन (कावा) की ओर से ग्रुप सेंटर में जागरुकता कार्यशाला एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर उनके निदान के संबंध में जानकारी दी। जरा चिकित्सा की जानकारी देते हुए कहा कि यह बुढ़ापे में होने वाली बीमारियों का रामबाण इलाज कर रही है। शिविर का शुभारंभ ग्रुप सेंटर के डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मसक्तू ने किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते उम्र के पड़ाव पर बुजुर्गों को केवल दवाओं की ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल की भी आवश्यकता होती है। जराचिकित्सा इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा जराचिकित्सा के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह बुजुर्गों की देखभाल का अनिवार्य हिस्सा है। इस चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह बुजुर्ग की शारीरिक व मानसिक स्थिति के आधार पर उपचार करती है। जराचिकित्सा का लक्ष्य केवल उम्र बढ़ाना नहीं, बल्कि 'हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ बुढ़ापा) सुनिश्चित करना है ताकि बुजुर्ग समाज का सक्रिय हिस्सा बने रहें। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 93% बुजुर्ग किसी न किसी पुरानी बीमारी से जूझ रहे हैं। जबकि 80% को एक साथ दो या अधिक बीमारियां (जैसे मधुमेह, गठिया और हृदय रोग) प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में जराचिकित्सा इलाज में रामबाण साबित हो रही है। इस मौके पर प्रहलाद पासवान, सौरभ राजपूत, रणधीर सिंह, उदयबाग, संगीता, एकता राजपूत, सचिंदर कौर, हेमलता, पूनम और कविता पाटिल आदि मौजूद रहे।




# यूजीसी के नए कानून से शिक्षा का स्तर होगा प्रभावित

## सर्व सवर्ण समाज के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स

**रामपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने भले ही उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव खत्म करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बनाए गए नियम 2026 पर रोक लगा दी हो लेकिन लोगों में आक्रोश कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार को फिर सर्व सवर्ण समाज के बैनर तले विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में डीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि नए नियम से शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा। लिहाजा इस कानून का निरस्त किया जाए। शुक्रवार को सर्व सवर्ण समाज के बैनर तले विभिन्न संगठन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और यूजीसी द्वारा बनाए गए नियम के विरोध में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि शिक्षा को जाति के आधार पर नहीं बांटा जा सकता है। शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है। यूजीसी द्वारा बनाए गए कानून के कुछ प्रावधानों की भाषा और व्याख्या ने समाज के विभिन्न वर्गों में आशंका उत्पन्न कर दी है। इससे भविष्य में योग्यता आधारित प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रभावित होंगे। सामान्य वर्ग के निर्दोष छात्रों में इसको लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। जबकि शिक्षा व्यवस्था में योग्यता और समान अवसर को प्राथमिकता दी जाए। यूजीसी को यह स्पष्ट करना होगा कि कोई भी योग्य छात्र या फिर शिक्षक केवल सामाजिक वर्ग के आधार पर शिक्षा से वंचित न हो। वहीं उन्होंने कहा कि भले ही अभी सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून पर रोक लगा दी हो लेकिन सामान्य वर्ग के छात्रों के हित में इस कानून को निरस्त करना जरूरी है। जब तक ऐसा नहीं होगा सवर्ण समाज धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होता रहेगा। बाद में सभी ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस मौके पर कमल सक्सेना, नवनीत सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, विशाल जैन, प्रतीक शर्मा, डॉ. प्रियंका शुक्ला, रमेंद्र गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता और राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# बेटे ने कर दी मां की पिटाई पुलिस में तहरीर





शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर।** के ग्राम जगेसर में एक अजीबो गरीब घटना देखने को मिली, जहां कलयुगी बेटे ने अपनी जन्मदात्री मां को ही पीट पीटकर घायल कर दिया। आपको बता दें की ग्राम जगेसर निवासी वीर सिंह की पत्नी मायावती को उनके बेटे राजू ने किसी बात पर नाराजगी दिखाते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। जिस पर शोर सुनकर अन्य ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए और किसी ने डायल 112 पुलिस को कॉल कर दी। डायल 112 की पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और मायावती को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर प्राथमिक उपचार दिलाया। डॉक्टरों ने हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# एसपी ने परेड के साथ पुलिस लाइन का किया वार्षिक निरीक्षण







शाह टाइम्स

**रामपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र परेड का निरीक्षण करने पुलिस लाइन पहुंचे। परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों का टर्नआउट, अनुशासन, ड्रिल एवं शारीरिक दक्षता को देखा। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालय, शाखा, बैरक, शस्त्रागार, भोजनालय और वाहन शाखा को चेक किया। साथ ही आरआई के साथ अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। विवेचना से संबंधित समस्याओं के बारें में भी विवेचकों से जानकारी ली। अंत में उन्होंने बेहतर तरीके से अपनी ड्यूटी का निर्वाहन करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनकी हौसला आफजाई की।

# जर्जर सड़क से राहगीर और छात्र-छात्राएं परेशान

## मोहल्ला वासियों व स्कूल प्रशासन ने डीएम से लगाई गुहार

शाह टाइम्स
मुस्तजाब आलम

**टांडा।** नगर के मोहल्ला आजादनगर में सनराइज इंटर कॉलेज के पीछे स्थित जर्जर सड़क लंबे समय से स्थानीय लोगों और स्कूली छात्रों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर मोहल्ला निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मार्ग का निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार करीब 20 फीट लंबा यह मार्ग जगह-जगह से टूट चुका है और गहरे गड्ढों के कारण पैदल और दोपहिया वाहनों से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। इसी मार्ग से प्रतिदिन दो विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। जर्जर सड़क के चलते कई बार बच्चे साइकिल से गिरकर चोटिल हो चुके हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सड़क के किनारे लगा विद्युत ट्रांसफार्मर भी खतरा बना हुआ है। ट्रांसफार्मर में करंट उतरने की समस्या बनी रहती है, जिससे पहले भी आवारा पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। लोगों का कहना है कि जर्जर मार्ग और करंटयुक्त ट्रांसफार्मर मिलकर किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। मोहल्ला निवासियों का आरोप है कि सड़क और ट्रांसफार्मर की समस्या को लेकर नगर पालिका को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में नागरिकों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर जर्जर सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने और विद्युत सुरक्षा के इंतजाम कराने की मांग की है।



# साइबर सेल ने पीड़ित के खाते से कटी धनराशि वापस कराई




शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर।** नगर के मोहल्ला हाकिमान के निवासी नरेश कुमार ने साइबर पोर्टल पर 28 दिसंबर को उसके बैंक खाते से 25070 रुपए कटने के मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद शाहबाद थाने की साइबर सेल ने तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए आवेदक के बैंक खाते से कटी 25070 रुपए की शतप्रतिशत धनराशि वापस कराई। आवेदक ने शाहबाद थाने पहुंचकर बताया कि प्रलोभन में आकर किसी अंजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी आदि की जानकारी गोपनीय रखे इसको किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्रॉड या धोखाधड़ी होने पर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए। धनराशि वापस कराने वाली टीम में कोतवाल संजय कुमार, साइबर सेल प्रभारी जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार रहे।

### रिक्शा चालक को बोनट पर बैठाकर गाड़ी दौड़ाने वाले पर रिपोर्ट

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में एक रिक्शा चालक को टक्कर मारकर उसे बोनट पर बैठाकर गाड़ी दौड़ाने वाले पर पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने गाड़ी सीज करने के साथ ही चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो किसी ने शेयर किया था। यह वीडियो बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के केमरी तिराहे का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा था कि लापरवाही से गाड़ी चला रहे चालक ने पहले एक रिक्शा चालक को टक्कर मार दी। जिससे वह गाड़ी के बोनट पर गिर गया। इसके बाद भी चालक तेजी से गाड़ी चलाता रहा है। जिस कारण रिक्शा चालक घायल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मी योगेश कुमार को जांच दी गई। जांच करने के बाद उन्होंने गाड़ी को जब्त कर सीज कर दिया था। अब इस मामले में मोहल्ला संत कालोनी निवासी मनप्रीत के खिलाफ बिलासपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ज्वैलर्स विक्रेता ने डिलीवरी ब्यॉय के खिलाफ कराई रिपोर्ट

## पहले डिलीवरी ब्यॉय ने विक्रेता समेत तीन पर कराई थी एफआईआर

शाह टाइम्स

**रामपुर।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में डिलीवरी ब्यॉय व ज्वैलर्स विक्रेता के बीच हुए विवाद में अब दूसरे पक्ष ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुछ दिन पहले डिलीवरी ब्यॉय ने ज्वैलर्स विक्रेता व उसकी पत्नी समेत तीन पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट कराई थी। अब डिलीवरी ब्यॉय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुछ दिनों पहले सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्यू साई बिहार कालोनी निवासी राकेश कुमार ने सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी थी। उसका कहना था कि वह शाहबाद गेट स्थित डीटीसी कोरियर कंपनी में काम करता है। जहां पर टैक्सी स्टैंड रोड स्थित हैमकुंड ज्वैलर्स के आर्टिफिशल सामान के पैकेट आते थे। जिनकी डिलीवरी वह हैमकुंड ज्वैलर्स के मालिक तरनजीत सिंह ग्रोवर व उनकी पत्नी सीतू ग्रोवर को कर देता था। जब वह पक्के बिल के पूछता था तो दोनों कह देते थे कि इसमें जरूरत नहीं हैं। राकेश के अनुसार हैमकुंड ज्वैलर्स के आर्टिफिसियल सामान का कोरियर एक बार कस्टम विभाग ने पकड़ा तो उसमें सोना निकला। जिसकी जानकारी होने पर राकेश ने दोनों से शिकायत करते हुए अवैध तरीके से डिलीवरी कराने की बात कही तो तरनजीत सिंह व उसकी पत्नी सीतू ग्रोवर रंजिश मानने लगे। आरोप है कि इसके बाद दोनों अपने नौकर लाल बहादुर के साथ उसके घर पर आए और मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में तरनजीत सिंह ग्रोवर, उनकी पत्नी सीतू ग्रोवर और लालबहादुर नेपाली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई थी। अब इस मामले में टैक्सी स्टैंड रोड निवासी तरनदीप सिंह ग्रोवर की पत्नी इंद्रजीत कौर ग्रोवर ने राकेश कुमार के खिलाफ सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह हेमकुंड ज्वैलर्स की संचालिका हैं। डिलीवरी ब्यॉय राकेश कुमार ने उनकी रकम हड़प ली। बाद में कूटरचित तरीके से फर्जी बिल बनाकर भुगतान मांगने लगा। फाइनल हिसाब करने जब दुकान पर बुलाया तो यहां पर अभद्रता और मुझे व पति को जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार के अनुसार रिपोअर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महाशिवरात्रिः रहेगी कड़ी सुरक्षा, मजिस्ट्रेट किए जाएंगे नियुक्त

## इस मौके पर रठौंडा में 13 फरवरी से दो मार्च तक लगेगा किसान मेला

शाह टाइम्स

**रामपुर।** महाशिवरात्रि के मौके पर कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है। भमरौवा, रठौंडा व पंजाबनगर स्थित सभी प्रमुख शिवालयों पर पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। इसके लिए डीएम ने मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए हैं। शिवालयों की सुरक्षा व कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी मजिस्ट्रेट के कंधों पर होगी। वहीं इस मौके पर रठौंडा में हर साल की तरह इस बार भी किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 13 फरवरी से शुरू होगा और दो मार्च तक चलेगा। मेले में कार्यक्रम का आयोजन करने वालों को सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना आवश्यक है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस बार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इस मौके पर हजारों की संख्या में भक्त हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ लेकर भमरौवा, रठौंडा और पंजाबनगर में जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। जिस कारण शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ता है। लिहाजा इस बार भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पंजाबनगर मंदिर परिसर में लगने वाले मेले की सुरक्षा की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार सदर देवेश पांडेय को दी गई है। जबकि भमरौवा में लगने वाले मेले की जिम्मेदारी तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया और रठौडा की तहसीलदार मिलक अंकित अवस्थी को दी गई है। यह मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगे। इसके अलावा क्षेत्र के सभी एसडीएम भी इस दौरान गश्त पर रहेंगे। वहीं डीएम ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी रठौंडा में किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 13 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। इसके लिए एसडीएम मिलक को मेला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। मेले में ध्वनि प्रदूषण रोकने के सभी मानकों का पालन किया जाएगा। इसके अलावा अगर कोई कार्यक्रम कराना चाहता है तो उसे सक्षम अधिकारी की अनुमति लेनी होगी।

### बाजार जा रही महिला के साथ मनचलों ने की छेड़छाड़

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में बाजार जा रही महिला के साथ मनचलों ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने जब विरोध किया तो उसको गालियां देने लगे। महिला ने मोहल्ले के चार लोगों के खिलाफ बिलासपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी एक महिला ने तहरीर दी। उसका कहना था कि मोहल्ले के कुछ लोग अक्सर उसे देखकर अश्लील कमेंट्स करते हैं।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

ई-निविदा सूचना — दिनांक: 30.01.2026

अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1:- 32/2025-26 EDC (R) विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, (तकनीकी एवं एडमिन), रामपुर के अन्तर्गत सम्पन्न हुए 11 केवी एच०टी० एवं एल०टी० लाइनों के भूमिगत होने के उपरान्त उनके वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।
प्रपत्र शुल्क रू0 5900.00, धरोहर राशि रू0 122000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 16.02.2026 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# महिला ने की आत्महत्या



## फांसी पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान रूपाली राजपूत, पत्नी अंकित राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह घटना तब सामने आई जब रूपाली के बच्चे स्कूल से घर लौटे और उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया। मौहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया, तो रूपाली राजपूत फांसी पर लटकी मिलीं। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपाली राजपूत के पति अंकित राजपूत रेलवे में कर्मचारी हैं। उनकी शादी को लगभग 15 वर्ष हो चुके थे। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# महाशिवरात्रि-कांवड़ यात्रा की तैयारी तेज

## महाशिवरात्रि पर सुरक्षा, सुविधा और शांतिपूर्ण आयोजन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्वयंभू मोटा महादेव परिसर में महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की और उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा को सुरक्षात्मक, सुविधाजनक और शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए।



बैठक में जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिए। उन्होंने नगर पालिकाओं को सफाई, पेयजल व्यवस्था और मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को नियमित रूप से खाद्य सामग्री की जांच और सैंपलिंग करने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की टीमों को मुख्य शिविरों और निर्धारित स्थानों पर दवाओं सहित मौजूद रहने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को लटके तारों और झुके खंभों को ठीक करने का आदेश दिया गया, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो। वन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर विशेष सांकेतिक साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए, जिनमें संबद्ध अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य किसी आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और पुलिस अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों के पड़ावों, पुलिस बल और रूट डायवर्जन की तैयारियों की पूर्व समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और संवेदनशील स्थलों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा यात्रा में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शिविरों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल, सीओ नितेश प्रताप सिंह, चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह, बिजनौर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, नजीबाबाद ब्लॉक अधिकारी दीपक तेवतिया, समाज कल्याण विभाग के अतुल कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से अपील की कि वे समय-समय पर मार्गों और शिविरों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि कांवड़ यात्रा सुचारू, सुरक्षित और भक्तों के लिए सहज अनुभवपूर्ण रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**किरतपुर।** संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप सिंह ने कस्बा किरतपुर में पुलिस बल के साथ रूट निरीक्षण एवं पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों से शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखने की अपील की। थाना किरतपुर प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने भी पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि संत रविदास जयंती की शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह मय पुलिस बल के उपस्थित रहे।

### रामपाल सिंह का जन्म दिवस मनाया



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में शिक्षाविद पूर्व प्रबंधक, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह के जन्मदिन पर प्रतिभा सम्मान एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मां सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 11 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र सचिन राजपूत की तरफ से हर वर्ष की भांति प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नकद राशि प्रदान की। यह राशि विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश चंद राजपूत द्वारा वितरित की गई। इस अवसर पर प्रबंधक कावेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशवशरण, सत्य पाल सिंह, जाकिर हुसैन, जीतेन्द्र कुमार, विजेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, डॉ. नयपाल सिंह, हरवीर सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, लोकेश पटेल, भीमसेन हल्दिया एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### रावली में जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा रावली ग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेहत सही, लाभ कई विषय के अंतर्गत छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन-कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद मां एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोऑर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई।

### अवध शुगर मिल ने सीएचसी में लगवाया आरओ

**स्योहारा।** अवध शुगर मिल स्योहारा द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल हेतु आरओ प्लांट लगवाया गया तथा यहां संचालित हेल्थ एटीएम के लिए आवश्यक कंज्यूमेबल किट्स दान की गईं। इस अवसर पर सीएचसी स्योहारा परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवध शुगर मिल के जनरल मैनेजर सुखवीर सिंह के निर्देशन में मिल की पूरी प्रबंधन टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षण पर आए अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य मंडल मुरादाबाद डॉ. आशु अग्रवाल ने कहा कि चीनी मिलें अपने सीएसआर फंड के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत कंपनियों को अपने लाभ का 2 प्रतिशत CSR कार्यों में खर्च करना अनिवार्य है। ऐसे कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलता है। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने अवध शुगर मिल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर स्योहारा में चर्चाओं का दौर, लाभार्थियों में असमंजस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश व देश का कोई भी पात्र नागरिक कच्ची छत के नीचे जीवन न गुजारे। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है। इस योजना से लाखों परिवारों को स्थायी आवास का सपना साकार हुआ है। सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की दलाली, सिफारिश या अवैध वसूली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लाभार्थियों से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति योजना के नाम पर धन की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इसी बीच नगर स्योहारा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि योजना के शुरुआती दौर में कुछ कथित दलाल सक्रिय हो गए थे। आरोप है कि उस समय कुछ जनप्रति. निधियों एवं उनसे जुड़े लोगों द्वारा लाभार्थियों से 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई । इन चर्चाओं ने नगर में माहौल गर्म कर दिया है और इस बार ऐसे लोगों को किसी प्रकार का भी लाभ मिलने की संभावना नहीं हो रही है जैसे कि पूर्व में हुआ है और कुछ लोगों द्वारा पक्के मकान होने के बावजूद भी अपनी अलग पड़ी जमीनों में कुछ तो लाभार्थी से दलाली के रूप में उगाई कर ली और कुछ सरकार की योजना का लाभ लेकर उसने अपने पक्के और बेहतर मकान अलग से और बना लिए है। इन्हीं तमाम बातों को लेकर नगर में अब खूब चर्चाएं हो रही हैं, जिसको लेकर शिकायत और आरोपों का सिलसिला लगातार चर्चाओं का विषय बना हुआ है। जबकि वर्तमान में सरकार द्वारा योजना को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है और धनराशि सीधे पात्र लाभार्थियों के खातों में भेजी जा रही है तो कुछ लोग असंतोष की स्थिति में नजर आ रहे हैं। इन्हीं हालातों के चलते लाभार्थियों के खिलाफ शिकायतें किए जाने और उन्हें डराने धमकाने जैसी बातों की भी चर्चाएं सामने आ रही हैं।

# बस स्टैंड व आधुनिक सुविधाओं को लेकर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी की सिफारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विकास को नई दिशा देते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने नगर पालिका परिषद स्योहारा में प्रस्तावित बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से शीघ्र कार्रवाई की सिफारिश की है। यह पहल नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



## पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी के प्रयास तेज

सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका ने मुरादाबाद रोड स्थित सरकारी भूमि पर स्थायी बस स्टैंड निर्माण हेतु 05 बीघा तथा सब्जी-फल मंडी अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 12 बीघा सरकारी भूमि का विधिवत प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग को अनुमोदन के लिए प्रेषित कर दिया है। पत्र में यह भी बताया गया है कि प्रस्तावित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे न केवल यह जनहितकारी परियोजना प्रभावित हो रही है बल्कि भविष्य में भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

नगर के विकास कार्यों को लेकर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी लगातार प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में पालिका द्वारा ऐसी योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनसे स्योहारा को आधुनिक शहरी सुविधाओं से जोड़ा जा सक।

## एक नजर

### शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज परिसर मे शासन के आदेशानुसार अमर शहीदों की पावन स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत शांत एवं गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्या रेखा रानी ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मौन धारण कर देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं पूर्ण अनुशासन के साथ उपस्थित रहे।

### कई घंटे रही विद्युत आपूर्ति बंद

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर पर तकनीकी कार्य के चलते 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को सौफतपुर बिजली घर पर तकनीकी कार्य किया गया, जिसके चलते सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही। शाम को बिजली आपूर्ति सुचारू होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत ली। जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि बिजली घर पर कार्य चल रहा था। कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

### भागवत कथा में श्रोता भाव-विभोर



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद में स्थित बड़े शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना-जाना शुरू हो गया, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। कथा वाचक पंडित जितेन्द्र वशिष्ठ ने अपने प्रभावशाली वाणी प्रवाह से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने शुकदेवजी के आगमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा का उपदेश देकर उन्हें मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर किया। इस प्रसंग में जीवन की नश्वरता, कर्म के फल और ईश्वर स्मरण के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई गई, जिसमें बालक ध्रुव की अटूट भक्ति, कठोर तपस्या और भगवान विष्णु की कृपा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। पंडित वशिष्ठ ने कहा कि ध्रुव चरित्र मानव जीवन में धैर्य, संकल्प और सच्ची भक्ति का श्रेष्ठ उदाहरण है। भक्ति रस से परिपूर्ण इस कथा को सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे और 'जय विष्णु भगवान' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। कथा के दौरान भगवान विष्णु की महिमा, सती प्रसंग तथा भक्ति के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ता ने बताया कि सती प्रसंग से वैराग्य और आत्मसम्मान की शिक्षा मिलती है, जबकि भगवान विष्णु की उपासना से जीवन में शांति, सद्बुद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यह दिन ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के त्रिवेणी संगम का प्रतीक है, जो मानव को सांसारिक मोह से ऊपर उठकर ईश्वर की ओर ले जाता है। कथा श्रवण के लिए आकाश प्रजापति, काशी गगनदीप चौहान, नितिन चौहान, सौरभ शर्मा, तरुण, वीर सिंह, जीतेन्द्र राजपूत, शेखर चौहान, संदीप चौहान, सदन सिंह, रोहिताश सिंह, चंचल चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में विधिवत आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को लेकर गांव में धार्मिक उत्साह और सकारात्मक वातावरण बना हुआ।

# जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन

## किसानों की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन का आयोजन जेबीएस रिजॉर्ट में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, किसान कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिकों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार के संचालन में दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। अखिल भारतीय अध्यक्ष के.साई रेड्डी के बिजनौर में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत हाजीपुर मंडावर में किया गया, जिसके उपरांत सभी कार्यकर्ता जेबीएस रिजॉर्ट पहुंचे। यहां बंगाली समाज की महिलाओं, किसान संघ कार्यकर्ताओं द्वारा शंखनाद कर स्वागत किया गया। जिला महिला प्रमुख श्रीमती सीमा त्यागी ने साथियों सहित तिलक लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया, जबकि खंड अध्यक्षों व पूर्व सैनिकों ने पुष्प भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरपाल नागर तथा प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय अध्यक्ष ने जिले में अंडरपास की मांग को लेकर कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित ने अंडरपास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा धरना हटाने की कार्रवाई को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि किसान संघ के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं और अपना हक लेकर रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, भगवान बलराम की जय एवं भारतीय किसान संघ जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगे। सम्मेलन में जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र, महिला प्रमुख सीमा त्यागी, जिला प्रचार प्रमुख ईश्वर सिंह, कल्याण सिंह, प्रीतम, बलराम, वीरेंद्र, रूपेंद्र, विवेक, अरविंद लांबा सहित प्रांत अध्यक्ष संजीव, प्रांत महामंत्री कुलदीप, प्रांत संगठन मंत्री सुनील समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रविदास जयंती शांतिपूर्ण मनाने के लिए निर्देश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रविदास जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रविदास जयंती जुलूस कमेटी के पदाधिकारी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।



इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए एसपी सिटी ने कहा कि रविदास जयंती आपसी भाईचारे का पर्व है, जिसे सभी लोग मिल-जुलकर शांति व अनुशासन के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए और कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न ले। एसपी सिटी ने जुलूस मार्ग, समय-सारिणी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयोजकों से प्रशासन का पूरा सहयोग करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों व जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि रविदास जयंती का जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला जाएगा। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा भी दिलाया गया। इस मौके पर बिजली विभाग, नगर पालिका व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत में शिक्षा चौपाल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से हासिल करने और जनसमुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ग्राम पंचायत रायपुर मलूक के कम्पोजिट विद्यालय में ग्राम प्रधान अलीहसन की अध्यक्षता तथा विवेक बंसल के संचालन में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया काया।



शिक्षा चौपाल का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल द्विवेदी, एडीओ पंचायत अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिक्षा चौपाल में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल त्रिवेदी ने बताया की शिक्षा चौपाल का उद्देश्य शिक्षकों छात्र-छात्राओं अभिभावकों और जनसमुदाय के बीच संवाद को मजबूत कर शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार लाना है तथा शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्राथमिक स्तर तक की सरकारी शिक्षा योजनाओं की जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि शिक्षा चौपाल में बाल वाटिका के प्रभावी संचालन बच्चों के नामांकन व नियमित उपस्थिति में शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।

शिक्षा चौपाल में उपस्थित एडीओ पंचायत, अनिल कुमार ने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को मिलने वाले अनुदान की धन राशि से परिषदीय विद्यालयों में कराये गये कार्य जैसे, कमरों का ट्रालीकरण, शौचालय निर्माण, किचन शैड, बच्चों के फर्नीचर, कम्प्यूटर की व्यवस्था, आदि कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव योगराज सिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, अध्यापक देवेन्द्र वर्मा, मंजू देवी, सन्तू रानी, भागेश, पंकज कुमार, रचना, प्रगति शरण शर्मा टीकम सिंह साक्षी, सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

पत्रांक- 491/वि0वि0मं0रा0/ओ0-2/विज्ञापन दिनांक- 30.01.2026

ई-निविदा सूचना दिनांक: 30.01.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1:- 32/2025-26 EDC (R) विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, (तकनीकी एवं एडमिन), रामपुर के अन्तर्गत सम्पन्न हुए 11 केवी एच0टी0 एवं एल0टी0 लाइनों के भूमिगत होने के उपरान्त उनके वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।
प्रपत्र शुल्क रू0 5900.00, धरोहर राशि रू0 122000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि:- 16.02.2026 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हसुआ नगला विकास खण्ड सहसवान (बदायूँ)**

पत्रांक- मीमो/निविदा/2025-26

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2025-26 में पन्द्रहवां वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग/मनरेगा योजना/भारत मिशन ग्रामीण (ओडीएफ प्लस) की धनराशि से निम्न कार्य कराना चाहती है- सी0सी0 रोड़ एवं नाली निर्माण/मरम्मत, खड़जा निर्माण / मरम्मत, आर0आर0सी0 केन्द्र निर्माण, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व स्ट्रीट लाइटों की स्थापना, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य, अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, बाल पेन्टिग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्मार्ट शॉप (राशन की दुकान), गौशाला, आगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, पंचायत घर निर्माण/मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य हेतु टाईल्स, सोलर लाइट, सोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत घर की वाउड्रीवाल निर्माण/मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय, कूड़ागाड़ी, स्कूल की वाउड्रीवाल निर्माण/मरम्मत आदि।

उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, इण्टरलाकिंग ईट, रोड़ा, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, सरिया, लोहा, बजरी, पटान हेतु मिट्टी, टाइल्स, पाइप, टोटी, स्टेशनरी, पत्थर, पुट्टी, पेन्ट इत्यादि सामग्री की वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 31/01/2026 से दिनांक 03/02/2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जिसे दिनांक 03/02/2026को 3:00 बजे खोली जायेंगी।

**नोट:** 1. सामग्री की आपूर्ती कार्यस्थल पर की जाएगी।
2. किसी भी समय निविदा/ टेंडर को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**श्रीमती हसन प्यारी देवी**
**प्रधान,** ग्राम पंचायत हसुआ नगला
वि0ख0 सहसवान (बदायूँ)

**अजय पाल सिंह**
**सचिव,** ग्राम पंचायत हसुआ नगला
वि0ख0 सहसवान (बदायूँ)

# कोई सबालेंका को हरा सकता है तो वे हैं रायबाकिना




## आज ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना डब्ल्यूटीए टूर पर सबसे दमदार खिलाड़ियों में से दो हैं, और शनिवार को वे अपनी पसंदीदा सतह पर ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी। रॉड लेवर एरिना के ऊपर छत है, लेकिन नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 5 एलेना रायबाकिना के बीच यह जोरदार मुकाबला मेलबर्न पार्क के गर्मी के नियमों को लागू करवा सकता है। इसे थंडर डाउन अंडर कह सकते हैं। उन्होंने इस पखवाड़े में अपने सभी 12 सेट जीते हैं। ऐसा आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में 17 साल से भी पहले हुआ था। सबालेंका, अपने लगातार चौथे ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची हैं - ऐसा ओपन युग में पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिगिस ने किया था - और ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका रिकॉर्ड 34-6 है। गुरुवार को सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराने के बाद सबालेंका ने पत्रकारों से कहा कि मुझे यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यह स्टेडियम बहुत पसंद है। जब भी मैं वहां खेलती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। जेसिका पेगुला पर 6-3, 7-6 (7) से जीत के बाद मेलबर्न में रायबाकिना का रिकॉर्ड 20-6 का है। वह 2023 में यहां फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें सबालेंका से 4-6, 6-3, 6-4 से हार मिली थी, जिन्होंने अपने चार बड़े खिताबों में से पहला खिताब जीता था। रायबाकिना ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2022 में विबलडन में जीता था, और वह ऑस्ट्रेलियाई मुकाबला उनका दूसरा बड़ा फाइनल था। तीन साल बाद, वह अपने तीसरे फाइनल में हैं। रायबाकिना ने कहा कि निश्चित रूप से फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मैं दूसरे सालों, सीजन में करीब थी, जब मैंने दूसरे स्लैम में सेमीफाइनल खेला था, लेकिन हां, अब मैं और करीब हूं, जो बहुत अच्छा है। बस एक कदम और बाकी है। तो, असल में गेंद को सबसे जोर से कौन मारता है? कहना मुश्किल है, लेकिन सबालेंका ने फाइनल से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी की तारीफ की। सबालेंका ने कहा कि उनके शॉट भारी, गहरे, सपाट होते हैं। उनके साथ खेलना आसान नहीं है, लेकिन हां, हमारा एक शानदार इतिहास रहा है। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। मैं इस पावर का मुकाबला करने के लिए उत्सुक हूं। हेड-टू-हेड मुकाबलों में सबालेंका 8-6 से आगे हैं। लेकिन, हमेशा की तरह, इन नंबरों को अलग-अलग तरीकों से देखा जा सकता है। आउटडोर हार्ड कोर्ट पर सबालेंका 5-4 से आगे हैं, लेकिन रायबाकिना ने उनके चार चैंपियनशिप मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी मुलाकात भी शामिल है-2025 डब्ल्यूटीए फाइनल टाइटल मैच में रायबाकिना की 6-3, 7-6 (0) से जीत। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही।

## ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्काराज पहली बार फाइनल में

**अल्काराज नाटकीय अंदाज में ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराकर पहले बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर 3 ज्वेरेव को 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मैच रॉड लेवर एरिना में पांच घंटे, 27 मिनट तक चला, जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल था। तीसरे सेट के आखिर में दाहिने ऊपरी पैर की चोट से उबरने के बाद, स्पेनिश खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेलबर्न में अपना पहला फाइनल मुकाबला पक्का किया।

मैच जीतने के बारे में पूछे जाने पर अल्काराज ने कोर्ट पर इंटरव्यू में कहा कि हर समय विश्वास रखना।मैं हमेशा कहता हूं कि आपको खुद पर विश्वास रखना होगा, चाहे आप मुश्किल में हों या आपने कुछ भी झेला हो। किसी भी चीज की परवाह किए बिना, आपको हर समय खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं तीसरे सेट के बीच में संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे छोटे से करियर में खेले गए सबसे मुश्किल मैचों में से एक था। मैं इस तरह की स्थितियों में रहा हूं और मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे मैच में अपना दिल लगाना था। मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और आखिरी गेंद तक लड़ा। मुझे पता था कि मुझे मौके मिलेंगे। जिस तरह से मैं लड़ा और पांचवें सेट में वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बहुत गर्व है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर में सिंगल्स टाइटल जीतने) को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अगर वह रविवार के फाइनल में सिनर या जोकोविच को हरा देते हैं, तो अल्काराज यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन लेंगे। हालांकि, अल्काराज और इतिहास रचने के बीच उनके एक बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ एक जबरदस्त मुक.ाबला है। वर्ल्ड नंबर 2 सिनर मेलबर्न पार्क में दो बार के डिफेंडिग चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता हैं। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरुआती पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे। टॉप सीड खिलाड़ी ने जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब शानदार टेनिस खेला, खासकर जब उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में 4-4, 15/15 पर असली ड्रामा शुरू हुआ। तीसरे सेट में 4-4 पर सर्व करते समय अल्काराज को दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें परेशानी होने लगी। उन्हें टूर्नामेंट के फिजियो से दो बार इलाज मिला, और वह ज्वेरेव को मैच में वापस आने से नहीं रोक पाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## विराट कोहली का इंस्टग्राम अकाउंट फिर से चालू

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफ़ाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिता फैल गई, फैंस ने चिता भरे मैसेज, थ्योरी और मी मेसेज सभी प्लेटफॉर्म पर शेयर किए। हालांकि, कोहली या उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर से कोई ऑफिशियल सफाई नहीं आई है कि अकाउंट जानबूझकर गायब किया गया था या किसी टेक्निकल गड़बड़ी का नतीजा था।

## ईशारानी थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

● **ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराया, बैडमिंटन रैंकिंग में वह 48 वें स्थान पर है**



**थाईलैंड, वार्ता।** भारत की ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय भारतीय शटलर ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में 34वें स्थान पर काबिज ताइपे की प्रतिद्वंद्वी सुंग को 21-13, 14-21, 21-14 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अगले दौर में जगह बनाई।

पहला गेम बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ी 11-11 के स्कोर पर बराबरी पर थे, जिसके बाद भारतीय शटलर ने 14-13 की बढ़त बना ली। इसके बाद ईशारानी ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए लगातार सात अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सुंग ने वापसी का प्रयास किया, जो एक बार फिर 13-13 के स्कोर तक बराबरी पर रहा। इस बार, ताइपे की शटलर ने शानदार वापसी करते हुए अगले आठ में से सात अंक जीतकर गेम को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के नाम रहा, जो इससे पहले 2023 गुवाहाटी मास्टर्स में सुंग से हार गई थी। इससे पहले दोनों के बीच केवल एक ही मुकाबला हुआ था। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में देविका सिंहाग ने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-14 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 51वीं रैंकिंग पर काबिज अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में हुआंग यू-सुन से 10-21, 21-19, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला एकल खिलाड़ी श्रीयांशी वालीशेट्टी को करुपथेवन लेटशाना ने 17-21, 22-20, 19-21 से हराया।

## तमिलनाडु, रेलवे हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सेमीफाइनल में

**हैदराबाद, वार्ता।** 72वीं महिला सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में इंडियन रेलवे, हरियाणा, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालायोगी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन इंडियन रेलवे ने पहले क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 58-23 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। साक्षी ने रेलवे के लिए 10 पॉइंट्स के साथ सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि पूजा ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में नौ पॉइंट्स का योगदान दिया। सोनाली शिगाटे और मंदिरा संपत कोमकर ने महत्वपूर्ण डिफेंसिव पॉइंट्स जोड़े, जिससे रेलवे ने पूरे मैच में महाराष्ट्र पर दबाव बनाए रखा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने नॉकआउट स्टेज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिसमें उसने मध्य प्रदेश को 63-16 से हराया। राज रानी 17 पॉइंट्स के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहीं।

## आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के पति वेंगलिल का निधन

**कोझिकोड, वार्ता।** राज्यसभा सांसद और इंडियन आईओए अध्यक्ष पी-टी- उषा के पति, वेंगलिल श्रीनिवासन (67) का शुक्रवार सुबह कोझिकोड जिले में अपने घर पर गिरने के बाद निधन हो गया, परिवार के सूत्रों ने बताया। पोन्नानी के रहने वाले श्रीनिवासन, थिक्कोडी के पेरुमलपुरम में अपने घर पर सुबह करीब 12-30 बजे गिर गए।

उन्हें तुरंत पेरुमलपुरम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटा, डा. उज्ज्वल विग्नेश हैं। महान पूर्व एथलीट और मौजूदा राज्यसभा मेंबर डा. उषा, अभी नई दिल्ली में चल रहे पार्लियामेंट सेशन में शामिल हो रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक जताया है।

## कुलदीप के स्कूल आएगी विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी



● **इस अवसर पर कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा यूपी क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी**

**कानपुर, वार्ता।** भारत भ्रमण पर निकली टी-20 विश्वकप की चमचमाती ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के कानपुर स्थित स्कूल केडीएमए पहुंचेगी हालांकि इस अवसर पर खुद कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी। कुलदीप इन दिनो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में व्यस्त है और शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के लिए तिरुवंतपुरम में होंगे वहीं गेंदबाज के नियमित कोच कपिल पांडे का नाम केडीएमए की अतिथि सूची में नहीं है जिसकी पुष्टि खुद कपिल ने यूनीवार्ता से की है। केडीएमए के चेयरमैन संजय कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ट्राफी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां मुक्कमल की जा चुकी है। इस अवसर पर अकादमी के सभी होनहार युवा खिलाड़ी और छात्र मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप के पिता का सम्मान किया जाएगा। आखिर वह भी केडीएमए परिवार का हिस्सा हैं। टी-20 ट्राफी युवा प्रतिभाओं का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करेगी। निसंदेह यह पूरे परिवार के लिए रोमांच का मौका होगा। डा कपूर कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अलावा यूपी टी-20 लीग के भी चेयरमैन हैं। कपिल ने कहा मुझे कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया है। मुझे इसका मलाल नहीं है। एक कोच के लिए उसका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे,यही संतोष का विषय होता है। कुलदीप भारतीय टीम में अहम गेंदबाज की भूमिका निभा रहा है और विश्वकप में भी उसकी यही निरंतरता भारत को विश्वकप दिलाने में मदद करेगी। यह भी सच है कि कुलदीप ने उनकी सलाह पर ही केडीएमए में दाखिला लिया था।

## उधार के बल्ले से डी कॉक ने ठोका शतक

**सेंचुरियन, वार्ता।** वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी 20 में आतिशी शतक ठोकने वाले क्विटन डी कॉक ने खुलासा किया है कि वह ऐसा कारनामा उधार के बल्ले से कर पाए। डी कॉक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे नहीं पता कि इस सवाल का जवाब कैसे दूं। जब मैंने देखा तो मुझे थोड़ा अजीब लगा। पिछले एक साल में मेरे पास बहुत सारे बैग हो गए हैं, इसलिए मैं सभी चीजें देख रहा था, और मैं बस ब्लैंक हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता। मैं उन्हें भूल गया था।

जब मुझे एहसास हुआ तो मेरा चेहरा पीला पड़ गया, और बस निकलने से आधे घंटे पहले मुझे एक-दो फोन करने पड़े। यानी, जोहान्सबर्ग में टीम होटल से निकलकर सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 खेलने के लिए। इस दौरान, डी कॉक के बल्ले उनसे 1,000 किलोमीटर दूर नाइस्ना में उनके घर पर थे - उन्हें मंगलवार को पार्ल में सीरीज के पहले मैच के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने कहा कि चेंजिग रूम में जाने से पहले मैं डेवाल्ड ब्रेविस और रिक्स (रायन रिकेल्टन) के पास गया, और मैंने ब्रेवी के बैग से एक बल्ला निकाला। मैंने कहा, 'मैं आज इसी का इस्तेमाल करूंगा।' ब्रेवी ने कहा, 'ठीक है। यह तुम्हारे लिए अच्छा बल्ला है क्योंकि यह बाएं हाथ का है। डी कॉक ने सिर हिलाते हुए कहा आजकल के युवा। वह अभी भी इस बात पर अड़ा हुआ है। लेकिन इसने आज रात अपना काम कर दिया। और कैसे। डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए। उनकी यह पारी दक्षिण अफ्रीका के लिए 222 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने में अहम थी। वे सात विकेट से जीत गए और 15 गेंदें बाकी रहते हुए सीरीज अपने नाम कर ली।




● **डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए**

वह उधार लिया हुआ बल्ला पक्का डी कॉक के किटबैग में ही रहेगा, है ना? उन्होंने कहा कि यह ब्रेविस के पास वापस जा रहा है। मुझे यह पसंद नहीं आया। इसका वजन मेरे लिए सही नहीं था। यह उन युवाओं के लिए है जो जोर से बल्ला घुमाते हैं। इसलिए मैं इसे जल्द ही वापस नहीं लेने वाला। जब तक, बेशक, उनके अपने बल्ले वांडरर्स में शनिवार के मैच के लिए समय पर नहीं आ जाते। ब्रेवी। तुम्हारा वह बाएं हाथ का बल्ला कहां है। डी कॉक जोर से नहीं बल्कि खूबसूरती से बल्ला घुमाते हैं, गेंद को उसके अपने अंदाज में खेलते हैं और उसे एक पैराबोलिक अंदाज में भेज देते हैं। उनका बल्ला - या किसी और का उनके कंधों के बीच आराम से टिका रहता है( उसकी ताकत अंदरूनी आत्मविश्वास के साथ दिखाई देती है। इसलिए यह हैरानी की बात है कि गुरुवार का प्रदर्शन 100 टी-20 पारियों में उनका सिर्फ़ दूसरा शतक था। उन्होंने इस फॉर्मेट में कुल आठ शतक बनाए हैं, लेकिन इस सीजन के एसए 20 में टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बावजूद वे तीन अंकों तक नहीं पहुंच पाए।

## दिल्ली दंगल वॉरियर्स रोमांचक 5-4 की जीत के साथ सेमीफाइनल में

### मुकाबले में निर्णायक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही दिल्ली दंगल वॉरियर्स

**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने प्रो रेसलिग लीग 2026 के अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब रॉयल्स को गुरूवार रात 5-4 से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने निर्णायक जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की और किसी भी तरह की तकनीकी गणना की आवश्यकता को समाप्त कर दिया। दिल्ली के लिए निर्णायक क्षण मुकाबले के आठवें बाउट में आया, जहां प्लेयर ऑफ द मैच तुरान बायरामोव ने अंडर-23 एशियन चैंपियन चंद्रमोहन के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे दिल्ली की सेमीफाइनल योग्यता सुनिश्चित हो गई। इससे पहले, फाइटर ऑफ द मैच एना गोडिनेज ने महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में उच्च गुणवत्ता की जीत दर्ज कर पंजाब को मुक.ाबले में बनाए रखा और मैच को आखरिरी क्षण तक रोमांचक बनाए रखा। छह अंकों के साथ पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले की शुरुआत महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में की, जहां प्रिया मलिक ने अनुशासित और रणनीतिक मुक.ाबले में अनस्तासिया अल्पएवा को 2-0 से हराया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफ़ाएईपुर हादी बख्तियार के जरिये जोरदार जवाब दिया, जिन्होंने संदीप मान को 20-7 से मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दिल्ली ने बढ़त बना ली, जब कप्तान सुजीत कलकल ने 65 किग्रा पुरुष वर्ग में अनुज कुमार को 10-1 से हराया। शुभम कौशिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किग्रा पुरुष वर्ग में चिराग छिक्कारा के खिलाफ 9-0 की एकतरफ़ा जीत दर्ज कर दिल्ली की बढ़त 3-1 कर दी। पंजाब ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में वापसी की, जहां रजनीता जांगड़ा ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर 5-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में मुकाबले की सबसे रोमांचक बाउट देखने को मिली। एना गोडिनेज ने पहले पीरियड में शानदार पांच अंकों का थ्रो लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे पीरियड में अंजली के कड़े प्रतिरोध के बावजूद 11-7 से जीत दर्ज कर टीम स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया।

## तिरुवनंतपुरम को संजू सैमसन की फॉर्म का इंतजार




**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** क्रिकेट में कहानियां बुनने का एक अलग ही तरीका होता है जो रन और विकेट से परे होती हैं, और शनिवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला 5वां टी-20 मैच भी ऐसी ही एक कहानी है। सभी की निगाहें निश्चित रूप से संजू सैमसन पर होंगी, जो इस सीरीज में पहली बार अपने गृह राज्य लौट रहे हैं। बेहत.रीन टाइमिग और शानदार स्ट्रोक प्ले वाले सैमसन के पास अब फैंस को खुश करने का मौका है और, इससे भी ज्यादा जरूरी, इस सीरीज के फाइनल मैच की कहानी में अपना नाम लिखने का मौका है। भारत इस मैच में थोड़े मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आ रहा है, क्योंकि उसने अब तक चार में से तीन टी-20 मैच जीते हैं, लेकिन चौथे मैच में 50 रन की हार ने यह साफ कर दिया कि आधुनिक टी-20 क्रिकेट में कुछ भी पक्का नहीं माना जा सकता। उनकी गेंदबाजी, खासकर पावरप्ले में, कमजोर दिखी है। जसप्रीत का प्रदर्शन औसत रहा है, जब वरुण चक्रवर्ती नहीं खेले हैं तो स्पिनरों में निरंतरता की कमी रही है, और हार्दिक पंड्या, हालांकि उपयोगी रहे हैं, लेकिन उनसे कम समय में बहुत ज्यादा करने की उम्मीद की गई है।

कल की चुनौती आक्रामकता और समझदारी के बीच संतुलन बनाना होगा, खासकर ऐसी परिस्थितियों में जहां दूसरी पारी में ओस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बल्लेबाजी के नजरिए से, भारत की लाइनअप में क्लासिकल स्ट्रोक बनाने वाले और विस्फोटक बल्लेबाजों का मिश्रण है। सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं, शिवम दुबे ने कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता दिखाई है, और रिकू सिंह फिनिशिग टच देते हैं। लेकिन कहानी साफ है: सभी की निगाहें सैमसन पर हैं। तकनीक के मामले में, उनमें गैप ढूंढने और स्लोग ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता है, स्वभाव के मामले में, घरेलू फैंस के सामने खेलना या तो उन्हें प्रेरित कर सकता है या उन पर दबाव डाल सकता है। यहीं पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एक खिलाड़ी के हौसले की परीक्षा लेता है। अगर सैमसन चल जाते हैं, तो भारत के पास एक बड़ा स्कोर बनाने या उसका पीछा करने का शानदार मौका होगा जो सीरीज को 4-1 से सील कर देगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में अपनी क्लास की झलक दिखाई, जिसमें टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसने भारत की लय बिगाड़ दी। हालांकि, उनकी बॉलिंग चिता का विषय बनी हुई है। मैट हेनरी शुरुआत में विकेट ले सकते हैं, काइल जैमीसन बाउंस देते हैं, लेकिन स्पिनर्स अभी तक सबकॉन्टिनेंटल कंडीशंस में लगातार दबाव बनाए रखने में कामयाब नहीं हुए हैं। अगर न्यूजीलैंड को आखिरी समय में जीत हासिल करनी है तो मिशेल सेंटनर और ईश सोढ़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ग्रीनफील्ड की पिच बैलेंस्ड है: यह स्ट्रोकप्ले के लिए अच्छी है लेकिन अनुशासित तेज बॉलिग करने वालों को फायदा मिलता है, पहली पारी का औसत स्कोर 165-170 के आसपास रहता है। टॉस निर्णायक हो सकता है। दोनों टीमों ने ऐतिहासिक रूप से पहले बैटिंग या बॉलिग करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाम को ओस का फैक्टर पहले बॉलिग करने वाली टीम के पक्ष में पलड़ा झुका सकता है। कल का मुक.ाबला सिर्फ एक मैच से कहीं ज्यादा है, यह एक ऐसी सीरीज का नतीजा है जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं। क्या सैमसन अपने घरेलू दर्शकों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे? क्या भारत एक दुर्लभ टी-20 हार के बाद अपनी लय और दबदबे को वापस हासिल कर पाएगा? या क्या न्यूजीलैंड, अपनी पिछली जीत के आत्मविश्वास से उत्साहित होकर, पासा पलट देगा?

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**


शनिवार, 31 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सराहनीय फैसला

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने गरीब, लाचार बच्चियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसमें उसने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सेनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा कि लड़कियों के लिए अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिया कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएंगे। असल में सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, याचिका में लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर पैसे खर्च करने के लिए नहीं होते। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए यह सुविधा नहीं है इसलिए उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोसल की सुविधा भी नहीं होती, इसलिए भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पातीं। याचिका में मांग की गई थी कि मेन्स्ट्रुअल हाईजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट का फैसला बताता है कि जया ठाकुर ने जिन बिन्दुओं को अपनी याचिका में उठाया, कोर्ट ने उन सभी को सही माना। कोर्ट ने कहा भी अगर स्कूलों में गर्ल्स के लिए अलग से टॉयलेट नहीं है तो यह संविधान 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी माना कि लड़कियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते, तो वह लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई व गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। कोर्ट के अनुसार मासिक धर्म के दौरान सम्माजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा है। हालांकि कोर्ट ने स्कूलों की मजबूरी की तरफ भी ध्यान दिया। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े नहीं है, यह आदेश उन क्लासरूम के लिए भी जहां लड़कियां मदद को झिझकती हैं और यह उन टीचर्स के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं। उन्होंने माता-पिता के लिए भी जो लड़कियों की चुप्पी को नहीं समझ पाते। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि यह फैसला समाज के लिए भी है ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। बात सही भी है, देखने में यह बात बेहद मामूली सी लगती है विशेषकर संपन्न वर्ग के लिए। लेकिन अगर हम भारतीय समाज की गहराई में जाएं तो अभी भी गरीबी बहुत गहराई तक समाज में बनी हुई है। ऐसी लड़कियों की कमी नहीं है, जो सैनेटरी पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं और शर्म के चलते किसी से कह भी नहीं सकती। जाहिर है, वह स्कूल जाने से भी कतराती हैं। जिससे पढ़ाई व अन्य गतिविधियां प्रभावित होती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सराहनीय है।

## सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता



योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है, यदि इस अवधि में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे, जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, विशेष रूप से उस योगी को, तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है, हमसे योगी ने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता, अब समय आपके हिंदू होने का प्रमाण देने का है, हिंदू होना भाषणों या भगवा तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है।

**-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिषपीठ**

# क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे





एम हसन

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक चर्चा में है, जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोशल मीडिया और खासकर यूट्यूबर उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम की संभावनाओं पर गरमागरम बहस छेड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नवंबर 2025 में बिहार की पांच विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र की हाल ही में संपन्न 29 नगर निगमों में 125 पार्षद सीटों पर पार्टी की जीत के बाद काफी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश के लिए एआईएमआईएम की योजना पर हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसदों के सम्मेलन में चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। कुछ मुस्लिम सांसदों का मानना था कि एआईएमआईएम के राज्य में संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना की आवश्यकता है, जो 2027 के चुनावों में हानिकारक साबित हो सकता है। ष्एसपी को देख लेंगेष के मूड में चल रहे ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय को भावनात्मक रूप से एकजुट करने का सहारा लिया है। विशेष रूप से ष्धार्मिक अवसरों के लिए बनाए गए नारों के बीच, एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में अपना आधार बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। मुंबई नगर निगम चुनावों के दौरान एआईएमआईएम द्वारा लगाए गए ये नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और एक जवाबी कहानी पेश कर रहे हैं। मुंबई में विजय जुलूस के दौरान एआईएमआईएम की विजेता सहर शेख, उनके पिता यूसुफ शेख और अन्य लोगों द्वारा लगाए गए धार्मिक नारे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसने उत्तर प्रदेश में गैर-भाजपा विपक्ष को भी चेतावनी दी है। मीडिया में मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए खूब प्रचार किया जा रहा है, वहीं मुस्लिम समुदाय चुपचाप घटनाक्रम देख रहा है। यह कहना मुश्किल है कि मुस्लिम समुदाय एआईएमआईएम के मुस्लिम समर्थक बयानों से प्रभावित होगा या गैर-भाजपा विपक्षी दलों के साथ ही रहेगा। हालांकि, ओवैसी को इंडिया ब्लॉक या बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में जगह मिलने की संभावना कम ही लगती है, क्योंकि ए पार्टियां अन्य मतदाताओं पर भी निर्भर करती हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों ही दल एआईएमआईएम से किसी भी तरह का संबंध रखने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इससे उल्टा असर पड़ सकता है और अन्य वर्ग उनसे दूर हो सकते हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती पहले ही उत्तर प्रदेश चुनाव में अकेले लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। एसपी के पीडीए संगठन में मुस्लिम हैं, वहीं बीएसपी उन्हें वापस अपने पाले में लाने के प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में 2869 पार्षदों के मुकाबले 125 सीटों पर एआईएमआईएम की नगर निगम चुनाव जीत महत्वहीन है और इसकी तुलना उत्तर प्रदेश के विशाल विधानसभा क्षेत्रों से नहीं की जा सकती, जबकि बिहार में एआईएमआईएम का वोट प्रतिशत 1.85 था।

दरअसल, बिहार में मुसलमानों की राजनीतिक स्थिति उत्तर प्रदेश से अलग है। पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता में रहने और समुदाय को संरक्षण प्रदान करने के कारण, समुदाय एआईएमआईएम की व्यवहार्यता को परखने और कुछ सीटें देने का जोखिम उठा सकता था, लेकिन उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग है। मुसलमान नीतीश कुमार की जनता दल (यू) को भी वोट देते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में समुदाय एआईएमआईएम का समर्थन करने में काफी सतर्क रहा है। हालांकि एआईएमआईएम को लेकर सपा नेताओं में चिंता है, फिर भी नेतृत्व को पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समुदाय में पार्टी को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से सपा के साथ है। नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों को लामबंद करने के लिए पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन को भी तैनात किया है। सौम्य और विनम्र स्वभाव वाली इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं। यह वही क्षेत्र है जहां एआईएमआईएम सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास कर रही है।

बसपा ने भी मुस्लिम समुदाय तक पहुंचने के लिए मुस्लिम भाईचारा समिति सम्मेलन शुरू किए हैं। पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद (मायावती के भतीजे) अगले महीने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के बीच एक व्यापक गठबंधन बना था, जिसमें कुछ छोटे दल भी शामिल थे। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत सकी और आरएलडी ने आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। सपा ने लगभग 33 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए 111 सीटें जीतीं। वहीं एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के प्रति पूरी तरह से समर्पित था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे अधिक 36460 वोट (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली चुनाव लड़ रहे थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के विपक्ष के नेता थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा का टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ने एआईएमआईएम को भारी संख्या में वोट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इसलिए एआईएमआईएम के सामने चुनौती कठिन है क्योंकि उसे शक्तिशाली सपा के सामने मुसलमानों को अपनी व्यवहार्यता का आश्वासन देना होगा, जिसका वर्तमान में समुदाय पर अण्डाकार नियंत्रण है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को हुए नुकसान ने समुदाय के लिए काफी भावनात्मक प्रभाव डाला है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, चाहे गठबंधन में हो या अकेले, मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में सक्षम होगी, जिससे उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनावी मुकाबले की ओर बढ़ते हुए हिंदुत्व समर्थक ताकतों को मजबूत करने में मदद मिल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैक्टीरिया के घर से कम नहीं है स्मार्टफोन

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**


अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं । सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# उम्मीद पर दुनिया कायम: फिर से पनप सकते हैं रिश्ते

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।



**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




नई दिल्ली। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा व अन्य।

## अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर एफ-35ए लड़ाकू विमान तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं।

## उम्मीद हैं अमेरिका कनाडा संप्रभुता का सम्मान करेगा: कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका 'कनाडा की संप्रभुता का सम्मान' करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है। कार्नी ने राज्य के प्रमुखों (प्रीमियर) के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और 'अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट' (एपीपी) के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं।

# ट्रम्प की धमकी की डेनमार्क पीएम को मिला फायदा

## अमेरिकी राष्ट्रपति को चैलेंज किया था, अब सर्वे में फ्रेडरिकसन की पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**वाशिंगटन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है।

फेडरिकसन की पार्टी के पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है। पिछले साल नवम्बर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया। मेटे फेडरिक्सन जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री हैं। वे डेनमार्क की सबसे युवा प्रधानमंत्री भी हैं।



■ सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी

डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मार्डरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफान नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसम्बर में हुए सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवम्बर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमसेन के नेतृत्व वाली माडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वाक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 प्रतिशत समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाका-कराची सीधी हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नज़र रख रही है। बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसम्बर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर वायरस है।

### काबुल में अफगान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा।

# ट्रम्प की धमकी पर ईरान का अल्टीमेटम

## बोलाः हमारे 1000 ड्रोन तैयार, जमीन और समुद्र से हमला करने में सक्षम, ईरान की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी युद्धपोत

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।

इसके अलावा ईरान के पास पहले से ही बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह जून, 2025 की तरह कतर के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग सकता है। पिछले साल जून में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सेना के बेस पर मिसाइल हमले किए थे। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन हमलों को नाकाम करने की बात कही थी। यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के चलते लिया गया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडरों समेत 15 अधिकारियों और 6 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें आनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाली संस्थाएं भी हैं। यूरोप में इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उनकी यात्रा पर रोक लगेगी। ईयू की राजनयिक काजा कलास ने कहा कि दमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी को अब अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के बराबर माना जाएगा। आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका पहले ही आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन ने अब तक इसे अपनी आतंकी सूची में शामिल नहीं किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईयू के इस फैसले को 'दिखावटी कदम' और 'बड़ी रणनीतिक गलती' बताया है। उनका कहना है कि यूरोप हालात संभालने के बजाय तनाव बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत मानी जाती है। इसकी स्थापना 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुई थी। इसके पास करीब 1.90 लाख सक्रिय सैनिक हैं। आईआरजीसी की कमान सीधे सुप्रीम लीडर खामेनेई के हाथ में होती है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत करते हुए अरब सागर और लाल सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। साथ ही कतर, बहरीन, सऊदी अरब, इराक और जार्डन के सैन्य अड्डों से वायुसेना की सक्रियता बढ़ी है। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है। ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था और चेतावनी दी थी कि अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने यहां तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की है। इस यात्रा का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर बातचीत करना है तुर्की तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है।



■ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है: जनरल अमीर हातामी

### आईआरजीसी को आतंकवादी संस्था घोषित करने का फैसला अनुचित: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है। इसने उस आईएसआईएस आतंकवाद का भी मुकाबला किया है, जो कुछ यूरोपीय देशों और अमेरिका की साजिशों का नतीजा था। मंत्रालय ने कहा कि किसी औपचारिक सरकारी संस्था पर 'आतंकवादी' होने का ठप्पा लगाना एक खतरनाक परंपरा है।

# अमेरिका ने क्यूबा को तेल निर्यात करने वाले देशों पर कसा शिकंजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं।

■ ट्रम्प ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

इस आदेश के पीछे तर्क दिया गया है कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता का रुख रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि क्यूबा अमेरिका द्वारा देश के लिए 'घातक' चिन्हित किए गए हिज़बुल्लाह और हमास जैसे समूहों को भी पनाह देता है। इसके अतिरिक्त तर्क दिया गया है कि क्यूबा सरकार आधारभूत मानवाधिकारों की अवहेलना करती है। इन सभी आरोपों के आधार पर अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ 'राष्ट्रीय आपात' की घोषणा कर दी है और इसके सहयोगी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प से गुरुवार को जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह क्यूबा का 'दम घोंटने' की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि दम घोंटना एक बहुत ही कड़ा शब्द है। मैं ऐसी कोशिश नहीं कर रहा हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह देश अब टिक नहीं पाएगा।

दूसरी ओर, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने ट्रम्प के इस कार्यकारी आदेश की निंदा करते हुए इसे 'क्यूबा और उसके लोगों के खिलाफ एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों पर अब अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों को क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकाबंदी नीति में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस एफ. डी कोसियो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका दशकों के आर्थिक युद्ध की विफलता के बाद क्यूबा की नाकाबंदी को और सख्त कर रहा है और संप्रभु राष्ट्रों को इस प्रतिबंध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है।

# बांग्लादेश ने भारत से स्पेशल इकोनॉमिक जोन छीना

**ढाका।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनामिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है।

लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनामिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी-2जी) फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन आफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

■ चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए जमीन दी, बांग्लादेश को 20 चीनी फाइटर जेट मिलेंगे

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने के ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के 'वर्तमान स्वरूप' में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए 'न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा।' 16 जनवरी को ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

# चीन जा रहे पश्चिमी देशों के नेता

## दो महीने में 5 लीडर्स बीजिंग पहुंचे, ट्रम्प की नीतियों से बदल रहा ग्लोबल बैलेंस

**बीजिंग।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बुधवार को 3 दिन के चीन दौरे पर पहुंचे। पिछले 2 महीने में 5 पश्चिमी देशों के नेता चीन जा चुके हैं। स्टार्मर से पहले फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड के लीडर्स बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ की धमकियों ने पश्चिमी देशों को चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर मजबूर कर दिया है।

यूनिवर्सिटी आफ सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और अमेरिकी इतिहास के एक्सपर्ट डा स्टुअर्ट रोलोका ने कहा कि ट्रम्प की आक्रमक नीतियों की वजह से ग्लोबल बैलेंस शिफ्ट हो रहा है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के नाटो पर सवाल उठाने, ग्रीनलैंड पर कब्जे की मांग और गठबंधन की अनदेखी रवैये ने यूरोपीय सहयोगियों में विश्वास की कमी पैदा की है। इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है। यूरोप के टैक्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर औसतन 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इससे व्यापार में अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय देशों पर लगे 15 प्रतिशत टैरिफ का सीधे तौर पर फ्रांस और जर्मनी पर पड़ा है। टैरिफ ने इन देशों में वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है। ट्रम्प ने इस महीने यूरोप के 8 देशों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे थे। हालांकि ट्रम्प ने बाद में अपना फैसला वापस ले लिया। ट्रम्प ने 23 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के मंच से अपने पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ कई विवादित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस ग्लोबल सिस्टम की लीडरशिप नहीं करेगा, जिसे उसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब यूरोपीय देशों को अपने बाजार और सैन्य सुरक्षा की सुविधा मुफ्त में नहीं देगा। उनका भाषण कभी आक्रामक, कभी नाराज और कभी खुद की तारीफ से भरा हुआ था। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों को ऐसे देश बताया जो अमेरिका का फायदा उठाते रहे हैं। ट्रम्प ने ये भी कहा कि वे अपने 'ट्रेड वार' को आगे बढ़ाएंगे और टैरिफ को अमेरिकी बाजार में आने की कीमत बताया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया को संभाले हुए है।



■ इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है

# अमेरिका में सस्ती दवाओं के लिए वेबसाइट लॉन्च करेंगे ट्रम्प

## 800 प्रतिशत तक खर्च कम होगा, 16 कंपनियों से समझौता, बदले में 3 साल का टैरिफ छूट दी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन इस महीने 'ट्रम्प-आर' नाम की एक नई सरकारी वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफार्म के जरिए मरीज दवा कंपनियों से सीधे कम दामों पर दवाएं खरीद सकेंगे। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से अमेरिकी लोगों के दवा खर्च को 800 प्रतिशत तक कम किया जाएगा।

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले साल सितंबर से अब तक 16 बड़ी दवा कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। इन समझौतों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन)' डील्स कहा गया। बदले में दवा कंपनियों को 3 साल तक इम्पोर्टेड दवाओं पर टैरिफ से छूट मिलेगी। यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है। ट्रम्प का कहना है कि दूसरे अमीर देश अमेरिका में बनी दवाइयां कम कीमत पर खरीदते हैं, जबकि अमेरिकियों को इसके लिए तीन गुना ज्यादा कीमत चुकाना पड़ता है। यह प्रोग्राम सुनिश्चित करेगा कि दवा कंपनियां उसी दाम पर दवा बेचे जो बाकी देशों में मिल रही है। अमेरिकी कंपनियां दवाओं के रिसर्च, टेस्टिंग, फैक्ट्री करोड़ों-खरबों रुपये खर्च करती है। दुनिया भर में यह दवा बेची जाती है। अमेरिका में यह दवा बहुत महंगी है, जबकि यूरोप, कनाडा, जापान जैसे अमीर देशों में वही दवा बहुत सस्ती मिलती है। दरअसल, उन देशों की सरकार कम कीमत पर दवा खरीदने की मांग करती है और ऐसा न करने पर डील रोकने का खतरा रहता है। बाजार खोने के डर से कंपनियां कम कीमत में दवाइयां मुहैया करवाती है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिकी लोगों के पैसे से ही नई दवाइयां बनती हैं। दूसरे देश कम पैसा देकर इसका फायदा उठाते हैं। ट्रम्प के मुताबिक वह अमेरिका की मेहनत पर श्फ्री राइडश करते हैं। इसलिए इस एमएफएन प्रोग्राम में फैसला किया गया है कि अब अमेरिका में भी दवा की कीमत सबसे कम होगी जो किसी अमीर देश में मिलती है। कंपनियों से कहा गया कि अमेरिका को भी वही सस्ती डील दो।



■ यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है

## नियामी हवाई अड्डे पर हमला, जवाबी कार्रवाई में 20 हमलावर ढेर

**नियामी।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर के रक्षा-सुरक्षा बल (एफडीएस) ने राजधानी नियामी के डियोरी हमानी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को हुए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में कम से कम 20 हमलावरों को मार गिराया और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमलावरों के पास से भारी मात्रा में युद्ध सामग्री और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मंत्रालय के अनुसार यह हमला बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुआ, जब 'भाड़े के सैनिकों' (मर्सनरी) के एक समूह ने हवाई अड्डे के पास स्थित एयर बेस 101 को निशाना बनाया।

